डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

रॉयल पत्रिका मंगवाने के लिए संपर्क करें - 9799559096 0141-4982834

# रॉयल पत्रिका

प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कैसे करें? और सरकारी नौकरियों की जानकारी के लिए पढ़ें पृष्ठ 5

वर्ष : 20 | अंक : 43 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 24 नवम्बर से 30 नवम्बर 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 7 रुपए

## कांग्रेस जिलाध्यक्षों की सूची में सिर्फ चार मुस्लिम

***-जबकि कांग्रेस पार्टी मुस्लिमों के 100 प्रतिशत वोट हासिल करना चाहती है***

***-कांग्रेस संगठन में पहली बार ओबीसी, एसटी, एससी एवं अल्पसंख्यक समुदाय का बोलबाला***

***-ब्राह्मण, राजपूत और वैश्य वर्ग को कम जगह मिली***

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान प्रदेश में अपने जिलाध्यक्षों के नामों की सूची जारी करदी है। जिलाध्यक्षों की सूची में शामिल नामों में ज्यादातर ओबीसी, एसटी, एससी एवं अल्पसंख्यक वर्ग से शामिल किए गए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्षों की सूची में पहली बार ब्राह्मण, वैश्य एवं राजपूत जाति के कार्यकर्ता काफी कम संख्या में शामिल किए गए हैं। सूची के नामों का विश्लेषण किया जाए तो लगता है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विचारों की कांग्रेस नजर आने लगी है। कांग्रेस का वोट बैंक दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग है। जब तक दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग कांग्रेस से जुड़ा है कांग्रेस मजबूती की ओर बढ़ती जाएगी। देश में ब्राह्मण, वैश्य और राजपूत वर्ग ज्यादातर भाजपा के साथ जुड़ गया है। लेकिन कांग्रेस पार्टी के संगठन में भी इन उच्च वर्ग के लोगों का बोलबाला रहता आया है। यह पहली बार है कि कांग्रेस के संगठन में बहुत कम संख्या में ब्राह्मण, वैश्य एवं राजपूत जाति के पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। ऐसा भी माना जा रहा है कि कांग्रेस भी भाजपा के पदचिन्हों पर चलने लगी है। भाजपा अल्पसंख्यकों को तरजीह नहीं देती है और अल्पसंख्यक वर्ग भी भाजपा को वोट नहीं देता है। इसी तरह ब्राह्मण, वैश्य और राजपूतों का जुड़ाव भाजपा के साथ है। यही कारण है कि कांग्रेस इन वर्गों से दूरी बनाती जा रही है।

### जिलाध्यक्षों की सूची में सिर्फ चार मुस्लिम

45 जिलाध्यक्षों की सूची में सिर्फ चार जिलाध्यक्ष मुस्लिम वर्ग से बनाए गए हैं। जिनमें डीडवाना, कुचामन से मकराना विधायक जाकिर गैसावत, जैसलमेर से अमरदीन फकीर, फलौदी से मोहम्मद सलीम नागौरी और टोंक से सैयद सऊद सईदी। कांग्रेस पार्टी के पास मुस्लिम वर्ग एकमात्र ऐसा वर्ग है जो 90 प्रतिशत से ज्यादा वोट कांग्रेस पार्टी को देता है। फिर भी कांग्रेस पार्टी ने 50 में से सिर्फ चार मुस्लिम वर्ग के ज़िलाध्यक्ष बनाए हैं। कांग्रेस का मुसलमानों के साथ ऐसा व्यवहार प्रदेश के मुसलमानों को पसंद नहीं आ रहा है। कांग्रेस में मुस्लिम वर्ग के कार्यकर्ताओं का कहना है कि मुस्लिम कार्यकर्ता कब तक पार्टी प्रोग्राम में दरी एवं कुर्सी बिछाता रहेगा। जबकि पार्टी उनको सिर्फ वोट बैंक से ज्यादा नहीं समझती है। कांग्रेस पार्टी के जितने भी बड़े नेता हैं सब के सब मुस्लिम वोटरों के सहारे जीतकर आते हैं। जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली आदि शामिल हैं।

### जयपुर में अल्पसंख्यक और दलित वर्ग का बन सकता है अध्यक्ष

जयपुर शहर अध्यक्ष की घोषणा कांग्रेस पार्टी ने रोक ली है। जयपुर शहर में कांग्रेस पार्टी पहली बार गहराई से सोच रही है कि जयपुर शहर अध्यक्ष किसी ऐसे कार्यकर्ता को बनाया जाए जो अपने वर्ग के वोट कांग्रेस को दिला सके। जयपुर शहर अध्यक्ष पद पर पहले ब्राह्मण, राजपूत और अल्पसंख्यक वर्ग के अध्यक्ष रहे हैं। इनमें से राजपूत और ब्राह्मण समाज के लोग भाजपा से जुड़ने के कारण कांग्रेस को राजपूत और ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बनाने का फायदा नहीं मिल पाता है। अल्पसंख्यक वर्ग पहले से ही कांग्रेस के साथ जुड़ा हुआ है इसलिए कांग्रेस पार्टी पहली बार विचार कर सकती है कि दलित समाज का जिला अध्यक्ष उसके लिए कितना फायदेमंद हो सकता है। जयपुर शहर में बड़ी संख्या में दलित वर्ग के लोग रहते हैं। दलितों में अब राजनीति के प्रति जागरूकता देखी जा रही है। दलित वर्ग सत्ता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। दौसा विधानसभा उपचुनाव में दलित वर्ग के कांग्रेस के कार्यकर्ता ने भाजपा उम्मीदवार को आसानी से हराया था। इसी तरह जयपुर में यदि दलित वर्ग का कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनाया जाता है तो पार्टी को फायदा होने की ज़्यादा संभावना है, ऐसा काफी काँग्रेसी कार्यकर्ताओं का मानना है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने न्यूयॉर्क के मेयर ममदानी ने बेबाकी से अपनी बात रखी

***-अमेरिका मजबूत डेमोक्रेसी का उदाहरण है जहां लीडर, पत्रकार एवं अन्य अपनी बात आसानी से कह सकते हैं***



**एम. खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेयर ज़ोहरान ममदानी दोनों विपरीत विचारधारा के लिए जाने जाते हैं। न्यूयॉर्क मेयर चुनाव के समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी को वामपंथी मुस्लिम कहा गया और न्यूयॉर्क के जनता को ममदानी को मेयर चुनाव में हराने की अपील की और धमकाया भी कि यदि ममदानी चुनाव जीतता है तो न्यूयॉर्क की फंडिंग रोक दी जाएगी। इसी तरह चुनाव के दौरान ममदानी ने भी राष्ट्रपति ट्रंप को तानाशाह कहां और इजराइल का एक तरफा साथ देने की खुलकर आलोचना की। न्यूयॉर्क की जनता ने ममदानी को भारी बहुमत से जिताया। जीतने के बाद भारत जैसे देश में सोचा गया कि अब ममदानी के साथ अच्छा नहीं होने वाला है। लेकिन इसी बीच अमेरिकी डेमोक्रेसी की खूबसूरती एवं मजबूती तस्वीर सामने आई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क मेयर ज़ोहरान ममदानी को व्हाइट हाउस में मिलने बुलाया और साथ मिलकर पत्रकार वार्ता की। पत्रकार वार्ता में राष्ट्रपति ने ज़ोहरान ममदानी की तारीफ की और न्यूयॉर्क के विकास के लिए योग्य लीडर बताया और साथ मिलकर काम करने का वादा किया। दूसरी तरफ ममदानी ने भी न्यूयॉर्क के विकास के लिए वहां की जनता के भले के लिए साथ चलने और मदद लेने में कोई हिचकिचाहट नहीं होने की बात की। ममदानी ने राष्ट्रपति ट्रंप की इजराइल को दी जा रही आर्थिक एवं सैन्य मदद की आलोचना की। पत्रकारों के सामने ट्रंप की उपस्थिति में ममदानी ने साफ-साफ कहा कि इजराइल अमेरिकी फंडिंग और हथियारों की मदद से फिलिस्तीनियों का जिनोसाइट (genoside) कर रहा है जो कतई सही नहीं माना जा सकता है। ट्रंप ने ममदानी के द्वारा तानाशाह कहे जाने पर भी बुरा मानने से इनकार कर दिया। पत्रकारों ने भी खुलकर सवाल पूछे और जवाब लिए। इसीलिए अमेरिका की डेमोक्रेसी बहुत मजबूत और देश शक्तिशाली है। दूसरे काफी देशों में सत्ता के विरोध में और स्वतंत्रता से अपने विचार रखने के अधिकार छीने जा रहे हैं या छीन लिए गए हैं। जबकि अमेरिका में नस्ल, धर्म, जाति, समुदाय के आधार पर कोई पक्षपात नहीं किया जाता है।

## आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारी - भजनलाल शर्मा



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जवाबदेहिता एवं पारदर्शिता से कार्य करते हुए सुशासन की ओर अग्रसर है। सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों, नवाचारों एवं योजनाओं का प्रमुख ध्येय अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जनसुनवाई भी इसी लक्ष्य की ओर बढ़ता एक मजबूत कदम है। मुख्यमंत्री नियमित रूप से इस जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत दे रहे हैं। शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने इस दौरान आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए अधिकारियों को उन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई में परिवादी उम्मीद के साथ आते हैं। ऐसे में अधिकारी इन प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनका शीघ्र निस्तारण करें। शर्मा ने जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आई महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों सहित विभिन्न लोगां की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। आमजन अपनी परिवेदनाओं के निस्तारण से बेहद संतुष्ट नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादियों को जल्द से जल्द राहत दी जाए। साथ ही, लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए इसका शीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रकरणों के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, श्रम, कृषि, गृह, राजस्व, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। इस दौरान शर्मा ने विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के पोस्टर विमोचन भी किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

## योगी सरकार मदरसों की निगरानी एटीएस से कराएगी



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मदरसे और कुछ निजी संस्थाओं पर शिकंजा कसना शुरु दिया है। सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना रखने के उद्देश्य से योगी सरकार ने नया प्रोटोकॉल लागू करते हुए मदरसों को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार के नए आदेश में मदरसों में पढ़ाने वाले मौलाना और सभी छात्रों का पूरा ब्यौरा एटीएस को सौंपना होगा। देश की राजधानी दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद राज्य सरकार ने ये आदेश दिया है। अपने अपने स्तर पर कई राज्यों की सुरक्षा एजेंसियों ने जांच का दायरा बढ़ा दिया हैं। दिल्ली में लाल किले के पास कार धमाके के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड़ में आई है। केंद्रीय एजेंसियों के साथ राज्य स्तरीय टीमों को भी निर्देश मिला है। धार्मिक और शैक्षणिक संस्थानों की क्रॉस-चेकिंग करने की बात कही है। एजेंसियों का साफ कहना है कि यह कदम किसी संस्था के खिलाफ नहीं बल्कि सुरक्षा को प्राथमिकता देने की नीति का हिस्सा है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को शुरुआती स्तर पर रोका जा सके। नए आदेश के अनुसार, प्रदेश के हर मान्यता प्राप्त और गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे को अपने यहां कार्यरत सभी शिक्षकों और धार्मिक प्रशिक्षकों की व्यक्तिगत पृष्ठभूमि, मोबाइल नंबर, स्थाई पता, आधार कार्ड विवरण और अन्य पहचान संबंधी कागजात एटीएस कार्यालय को उपलब्ध कराने होंगे। इसी तरह, मदरसों में पढ़ने वाले सभी छात्रों का विवरण और मोबाइल नंबर भी लिस्टेड कर जमा करना होगा। यह सुरक्षा ऑडिट का हिस्सा है, ताकि किसी भी संस्थान में संदिग्ध तत्वों की मौजूदगी को समय रहते पहचाना जा सके। खुफिया एजेंसियों ने हाल ही के समय में धार्मिक संस्थानों में बाहरी राज्यों के युवाओं की बढ़ती आवाजाही पर सतर्कता बरती है। इसी को ध्यान में रखते हुए ATS को मदरसों के व्यापक बैकग्राउंड वेरिफिकेशन की जिम्मेदारी सौंपी है।

## शीबा खान का मल्टीनेशनल कंपनी में प्लेसमेंट

***-शीबा खान निम्स यूनिवर्सिटी लॉ फैकल्टी में सेकंड टॉपर छात्रा हैं***



जयपुर (रॉयल पत्रिका) । छात्रा शीबा खान ने निम्स यूनिवर्सिटी लॉ फैकल्टी में सेकंड टॉप पोजीशन प्राप्त की है । शीबा खान की एक बड़ी उपलब्धि यह रही कि पिछले वर्ष कैंपस प्लेसमेंट के दौरान शीबा खान का प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी यूनाइटेड लेक्स में उत्कृष्ट एलपीए पैकेज के साथ प्लेसमेंट हुआ है । बहुराष्ट्रीय कंपनी में डिग्री कंप्लीट होने से पहले प्लेसमेंट होना एक गौरव की बात है । ज्ञातव्य है कि शीबा खान रिटायर्ड आरएएस अधिकारी सत्तार खान की बेटी हैं । सत्तार खान भी सर्विस के समय अपनी ईमानदारी एवं कुशल अधिकारियों में शामिल किए जाते थे ।

## जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने "आदर्श पड़ोसी, आदर्श समाज" अभियान शुरू किया

***-पड़ोसियों के अधिकारों को लेकर 10 दिवसीय देशव्यापी मुहिम शुरू***

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जमाअते इस्लामी हिन्द राजस्थान की ओर से एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें जमाअत के प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने सम्बोधित करते हुए बताया कि जमाअत-ए-इस्लामी हिंद की ओर से "आदर्श पड़ोसी, आदर्श समाज" के नारे के साथ "पड़ोसियों के अधिकारों" को लेकर दस-दिवसीय देशव्यापी मुहिम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह मुहिम 21 से 30 नवंबर 2025 तक पूरे देश में चलेगी, जिसका उद्देश्य पड़ोसियों के प्रति अच्छे व्यवहार और सद्भावना की भावना को फिर से जगाना और सामुदायिक संबंधों को मज़बूत करना है।



इस्लाम पड़ोसियों के अधिकारों को बड़ा महत्व देता है और इसे एक सामंजस्यपूर्ण समाज की आधारशिला मानता है। क़ुरआन में अपने अनुयायियों को स्पष्ट रूप से न केवल निकटम पड़ोसियों के साथ, बल्कि 'अस्थाई पड़ोसी' के रूप में निकट आए लोगों के साथ भी अच्छा व्यवहार करने का आदेश दिया गया है जिसमें सहकर्मी, सहयात्री और यहाँ तक कि सड़क पर हमारे साथ चलने वाले लोग भी शामिल हैं।

शेष पृष्ठ 2 पर....

## हाजी निजामुद्दीन सम्मानित



जयपुर (रॉयल पत्रिका )। राजस्थान हज वेल फैयर सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी हाजी शेख निजामुद्दीन को हाजियों की बेहतरीन खिदमत अंजाम देने पर AMP नेशनल NGO की ओर से चेंजमेंकर अवार्ड से नवाजा गया है। AMP नेशनल NGO की ओर से 15 नवंबर 2025 को एक इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था। कॉन्फ्रेंस में देश के 309 जिलों से करीब 1000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में शिक्षा, स्वास्थ्य, अजीविका, सुशासन और नैतिक वित्त जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। चेंजमेंकर अवार्ड मिलने पर हाजी निजामुद्दीन ने AMP के जिम्मेदारों का शुक्रिया अदा किया।

## राजस्थान मुस्लिम वक़्फ़ के चेयरमैन खानू खान को पितृ शोक

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान मुस्लिम वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. खानु खान बुधवाली के वालिद नब्बू खां वल्द पन्ने खां का इंतकाल दिनांक 15 नवंबर 2025 को हो गया । मरहूम की मैयत को 16 नवंबर 2025 को बाद नमाज जोहर उनके पैतृक गांव बुधवाली, तहसील रतनगढ़, जिला चूरू में सुपुर्द-ए-खाक किया गया । सुपुर्द-ए-खाक के मौके पर राजस्थान के कोने-कोने से कांग्रेस नेताओं, मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध लोगों ने और अन्य लोगों ने शिरकत की । मरहूम के तीजे की नियाज़ और बराये ईसाले सवाब कुरानख्वानी एवं दुआ का एहतमाम 21 नवंबर 2025 बरोज़ जुमा सुबह 11:00 रखा गया था, जिसमें बड़ी संख्या में शरीक होकर लोगों ने मरहूम को जन्नत-ए-फिरदौस में आला जगह अता करने और मगफिरत के लिए दुआ की ।






# प्राइड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से डॉ. सामरिया सम्मानित



जयपुर/ किशनगढ़ रेनवाल (रॉयल पत्रिका)। कस्बे के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद डॉ. लक्ष्मी नारायण सामरिया को उनके सामाजिक सरोकार के कार्यों के लिए चिड़ावा में आयोजित राजस्थान प्रगतिशील संस्थान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्राइड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें पूर्व मंत्री एवं मुख्यमंत्री सलाहकार राजस्थान सरकार बाबूलाल नागर, एससी आयोग हरियाणा सरकार के उपाध्यक्ष विजेंद्र बड़गुर्जर, प्रधान आयकर आयुक्त पीयूष सोनकर, डिप्टी जिला कलेक्टर राहुल मल्होत्रा, आरएएस किस्मत खींची, जिला शिक्षा अधिकारी रेणू तंवर साध्वी ओम ने प्रदान किया।

# ग्राम सेवा सहकारी समिति चीथवाड़ी के व्यवस्थापक को किया गिरफ्तार



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। चौमूं पुलिस ने सहकारी समिति में 6 करोड़ 35 लाख 96 हजार रुपए के गबन के आरोपी को किया गिरफ्तार। चौमूं पुलिस टीम के एक कॉन्स्टेबल ने दो दिन शादी समारोह में रहकर आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। इस मामले में करीब दो माह पहले चौमूं थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसके बाद से पुलिस लगातार जांच में जुटी हुई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस घोटाले से जुड़े अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। करोड़ों के इस घोटाले के तार सट्टे कारोबार से भी जुड़े होने की आशंका है, जिसकी जांच भी की जा रही है। चीथवाड़ी ग्राम सेवा सहकारी समिति में हुए इस बड़े वित्तीय घोटाले से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

## ग़ज़ल

खूबसूरत है दिल और सूरत भी
बात करनी है फिर मुहब्बत भी
सारे मौसम सुहाने लगने लगे
मिल गई तुम्हारी सोहबत भी
क्यों दुपट्टा तलाश करते हो जब
उड़ गई आबरु और इज़्ज़त भी
जो अना की अकड़ में रहते थे
बेच दी शान और क़िस्मत भी
रंग तस्वीर में चटक है अभी
मौसमों में घुला है शरबत भी
नाजुकी है अदब है और उसमें
ढेर सारी भरी है उल्फत भी
चाहने वाले सभी चाहेंगे तुम्हें
तुम में मौजूद है शफ़क़त भी
सात पर्दों में छिप के बैठा है जो
उसपे नाजिल ख़ुदा की रहमत भी
जान लेते तो फिर नहीं कहते
चीज़ होती है क्या मोहब्बत भी
बे वफ़ाई का ज़ख़्म दे तो दिया
देख लेगी तुझे अब कुदरत भी
चंद लम्हे सुकून देते हैं और
कभी कभी तो ये नफ़रत भी

-फ़ज़लुर्रहमान

## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

**रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।**

Scan Here

-संपादक

## सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# यूनिटी मार्च यात्रा पहुंची सवाई माधोपुर

## -भगवतगढ़ रेस्ट एरिया पर भाजपाइयों ने किया यात्रा का अभिनंदन



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में इन दिनों सरकार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इसी को लेकर देशव्यापी गंगा प्रवाह यूनिटी मार्च आज सवाई माधोपुर जिले में होकर निकला, जिसका मुख्य समारोह चौथ का बरवाड़ा तहसील क्षेत्र के दिल्ली मुंबई नेशनल हाईवे पर बने भगवतगढ़ रेस्ट हाउस पर किया गया। यात्रा के प्रदेश संयोजक विधायक जितेंद्र गोठवाल के साथ सैकड़ो लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया तथा एकता का संदेश देते हुए सरदार पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। गंगा प्रवाह एकता मार्च दोपहर करीब 2:30 बजे भगवतगढ़ रेस्ट हाउस पर पहुंच। यहां पर भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर एवं अन्य लोगों द्वारा सभी यात्रियों का स्वागत किया गया। साथ ही यात्रा के प्रदेश संयोजक जितेंद्र गोठवाल ने सभी को दुपट्टा पहना कर सवाई माधोपुर जिले की ओर से अभिनंदन किया, इस दौरान लोक कलाकारों ने राज्य की संस्कृति के बारे में राज्य के बाहर से आए सभी यात्रियों को बताया, स्वागत के बाद आयोजित समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की एकता एवं अखंडता के साथ-साथ विकास के लिए जो कार्य किए हैं। वह हमेशा स्मरणीय रहेंगे, उन्हीं के आदर्शों को लेकर सरकार की ओर से उनकी 150वीं जयंती के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य के संयोजक गोठवाल ने कहा कि सवाई माधोपुर जिले में चौथ का बरवाड़ा में जिला स्तरीय कार्यक्रम 17 नवंबर को आयोजित किया जा चुका है। साथ ही अन्य कार्यक्रम भी आयोजित हो चुके हैं। इस दौरान खंडार प्रधान नरेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश जैन, भरत मथुरिया, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, पुष्पेंद्र, मनराज गुर्जर, बामनवास से राजेंद्र मीणा, मीरा सैनी, पूर्व प्रधान मीरा सैनी, जिला महामंत्री बाबूलाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, विजय सिंह गुर्जर, सत्यनारायण धाकड़, मीरा सैनी, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सहित भाजपा के बड़े पदाधिकारी एवं अधिकारियों के साथ अन्य लोग यात्रा में उपस्थित रहे। यात्रा में राष्ट्रीय महामंत्री युवा मोर्चा रोहित चहल, प्रदेश महामंत्री नरेंद्र पिलानिया युवा मोर्चा, प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम गौतम आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।


# विधायक शिखा बराला ने दी ट्रेनिंग: बोलीं—बीएलओ पद नहीं, पारदर्शिता का दायित्व



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। चौमूं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहान पर गुरुवार को कचोलिया रोड स्थित गार्डन में विधायक डॉक्टर शिखा मिल बराला के नेतृत्व तथा विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह बाजिया की अध्यक्षता में चौमूं विधानसभा के बूथ स्तर एजेंटों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधानसभा के सभी बूथ स्तर एजेंटों ने भाग लिया विधायक डॉक्टर शिखा मिल बराला ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता संगठन की रीड है और बीएलओ इस पूरी प्रक्रिया के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि बीएलओ केवल एक पद नहीं बल्कि जिम्मेदारी, सजगता और पारदर्शिता से जुड़ा दायित्व है। जिसे निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाया जाना आवश्यक है। इस दौरान पूरी ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश शर्मा, पश्चिम ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज देवदा, चौमू नगर अध्यक्ष, शायरमल सैनी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल गढ़वाल, राजेंद्र नागर, गौरी शंकर कुमावत, सुरेंद्र कुमार मीणा, राजेंद्र डगर, राकेश कुमावत, लालाराम बलेसरा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रेट जैमिनी सर्कस ने सवाई माधोपुर में जगाई रोमांच और कला की नई लौ

**शादाब अली**




सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। सवाई माधोपुर में इन दिनों एक ऐसा दृश्य देखने को मिल रहा है, जिसने शहरवासियों को वर्षों पुराने सुनहरे दिनों की याद दिला दी है। डिजिटल स्क्रीन और मोबाइल गेम्स के दौर में जब बच्चों का मनोरंजन आभासी दुनिया तक सीमित हो गया है, ऐसे समय में भारत का मशहूर ग्रेट जैमिनी सर्कस शहर में कला, रोमांच और आनंद का जीवंत उत्सव बनकर लौटा है। जिला मुख्यालय पर आदर्श नगर स्थित साहू नगर स्कूल के मैदान में पिछले महीने से चल रहे इस सर्कस ने लोगों के दिलों में नई उत्सुकता और उमंग भर दी है।

**प्रतिदिन तीन शो का प्रदर्शन :-**

सर्कस में रोजाना तीन शो का प्रदर्शन किया जाता है। पहला दोपहर 1 बजे, दूसरा शाम 4 बजे और तीसरा रात 7:30 बजे। सर्कस में उमड़ती भीड़ इस बात की गवाही है कि लाइव मनोरंजन का जादू आज भी लोगों के मन को मोह लेता है। सर्कस के रंगीन तंबू के भीतर कलाकारों का संसार सचमुच अद्भुत है। तेज गति से घूमती रिंग्स, ऊँचाई पर संतुलन साधते खिलाड़ी, अग्नि–स्टंट, विदेशी नृत्य–प्रस्तुतियाँ, और हँसी से भर देने वाले हास्य कार्यक्रम—हर प्रदर्शन दर्शकों को अपनी सीटों पर बांधे रखता है। बच्चे तो मानो रोमांच की नई दुनिया में प्रवेश कर जाते हैं। मोबाइल से दूर, वास्तविक मंच पर कौशल और साहस उन्हें विस्मित कर देता है।

**सर्कस में विद्यार्थियों के लिए विशेष रियायत :-**

आयोजकों ने स्कूल के विद्यार्थियों के लिए विशेष रियायत की व्यवस्था कर सराहनीय पहल की है, ताकि अधिक से अधिक बच्चे इस पारंपरिक कला स्वरूप से सीधे जुड़ सकें। यही वजह है कि न सिर्फ शहर बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग सर्कस का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। ग्रेट जैमिनी सर्कस अपने अनूठे करतबों और शानदार प्रस्तुति कौशल के साथ सवाई माधोपुर में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। आने वाले दिनों में दर्शकों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि यह सिर्फ मनोरंजन नहीं—बल्कि परंपरा, कला और जीवंत भारतीय सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के पुत्र की शादी का कार्ड बना चर्चा का विषय

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के पुत्र श्रेयांश की शादी का कार्ड चर्चा का विषय बना हुआ है। यह कार्ड फिजुलखर्ची नहीं करने का संदेश दे रहा है। कार्ड की फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही है लोगों द्वारा इसकी खुब प्रसंशा की जा रही है। यह शादी में राजस्थान के पाली जिले में 30 नवंबर को आयोजित होने जा रही है जिसमें कई वी आई पी मेहमान पाली पहुंचेंगे। शादी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल सहित कई केन्द्रीय मंत्री और प्रदेशस्तरीय नेताओं के शामिल हो सकते हैं। बड़े नेताओं के आने की संभावना को देखते हुए पाली में स्पेशल हेलीपैड तैयार हो रहें हैं।



॥ श्री गणेशाय नमः ॥

मान्यवर,

ईश अनुकम्पा से हमारे यहाँ

चि. श्रेयांश

(सुपुत्र श्रीमती उषा-मदन राठौड़)

का शुभ विवाह

सौ.का. उर्मिला

(सुपुत्री श्रीमान इंद्रलाल जी बोराणा, सोजत सिटी हाल मैसुर)

के साथ रविवार, 30 नवम्बर, 2025 को सम्पन्न होना निश्चित हुआ है।
इस पवित्र परिणय प्रसंग पर आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

**वैवाहिक कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| पाट बिठाई | 28 नवम्बर, 2025 | प्रात: 09:00 बजे |
| मेहंदी | 29 नवम्बर, 2025 | प्रात: 09:00 बजे |
| महिला संगीत | 29 नवम्बर, 2025 | सायं 06:00 बजे |
| बारात प्रस्थान | 30 नवम्बर, 2025 | प्रात: 09:30 बजे |

आशीर्वाद समारोह एवं प्रीतिभोज - रविवार, 30 नवम्बर 2025 - सायं 05:00 बजे से
स्थान: भंसाली गर्ल्स कॉलेज प्रांगण, सर्किट हाउस के सामने, पाली (राज.)

विनीत :
मदन राठौड़ (सांसद राज्य सभा एवं प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा राजस्थान)
उषा राठौड़ एवं समस्त राठौड़ परिवार

विशेष आग्रह : अनिता - श्रीयूत् राठौड़, यूवान राठौड़

सानुग्रह : महेश राठौड़, सुरेश राठौड़, चन्दन राठौड़

विशेष अनुरोध : मधु - जितेन्द्रजी धाणदिया, उर्वशी धाणदिया, लक्ष्य धाणदिया

Mobile : 9414119663, 9829019663, 9509919663, 9251020663, 9251023663, 9971705619
e-mail : madanrrathore@gmail.com

# नगर परिषद की लापरवाही से सवाई माधोपुर शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था, आमजन परेशान

## -नियमित कचरा संग्रहण नहीं होने से लोगों के घरों में लग जाते हैं कचरे के ढेर

**शादाब अली**



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर परिषद प्रशासन की अनदेखी के कारण नगर परिषद क्षेत्र सवाई माधोपुर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह गड़बड़ा गई है। एक ओर जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से देश को स्वच्छ रखने के लिए लगातार प्रयासरत हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते शहर गंदगी से जूझ रहा है। शहर की अनेक कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर प्रतिदिन कचरे के ढेर दिखाई देना अब आम बात हो चुकी है। लोगों का कहना है कि नगर परिषद के घर-घर कचरा संग्रहण वाहन नियमित रूप से नहीं आते, जिसके कारण लोग मजबूर होकर कचरा खुले में डालने पर विवश हैं। नगर परिषद की अनदेखी के परिणाम स्वरूप न केवल शहर की सूरत बिगड़ रही है बल्कि स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां भी उड़ती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार सप्ताहभर तक कचरा संग्रहण वाहन नहीं आते और कई जगह तो महीनों तक कचरा उठाने की व्यवस्था नहीं होती। विशेष रूप से शहर के अंसारी मोहल्ला, गलता रोड, मरकज मस्जिद चौक, खंगार मोहल्ला, माली मोहल्ला सहित कई कॉलोनी में कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंचते हैं। इससे घरों और गलियों में कचरे के ढेर लग जाते हैं, जो बीमारियों के फैलने का गंभीर कारण बन सकते हैं। स्थानीय नागरिकों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि कचरा संग्रहण वाहनों को नियमित रूप से प्रतिदिन भेजा जाए। साथ ही कचरे के उचित निस्तारण की ठोस व्यवस्था की जाए, ताकि शहर स्वच्छ रह सके और लोगों को गंदगी से होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके।

# बाइक चोरी करने वाली गैंग का खुलासा, पुलिस ने एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया

## -चोरी की बाइक खरीदने वाला आरोपी प्रकाश सिंह निवासी पाली गिरफ्तार



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। जयपुर ग्रामीण एसपी राशि डोगरा डूडी के निर्देशन में गोविंदगढ़ पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया, जबकि चोरी की बाइक खरीदने वाले आरोपी प्रकाश सिंह निवासी पाली को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से 9 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। preliminary जांच में सामने आया कि आरोपी प्रकाश सिंह बाल अपचारी से चोरी की बाइक खरीद कर आगे बेचता था। थानाधिकारी विनोद सांखला के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है तथा चोरी के नेटवर्क की गहन पड़ताल जारी है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदातों पर रोक लगाने में बड़ी सफलता मिली है।

# गुर्जरपुरा ग्राम पंचायत का नाम यथावत, क्षेत्र में जश्न का माहौल

## -ग्रामीणों ने विधायक को कहा– धन्यवाद



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार द्वारा 20 नवंबर को जारी राजपत्र (विशेषांक) में ग्राम पंचायत गुर्जरपुरा का नाम बिना किसी बदलाव के यथावत रखने की घोषणा होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। लंबे समय से पंचायत का मूल नाम बनाए रखने की मांग कर रहे ग्रामीणों ने इस फैसले का जोरदार स्वागत किया। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन की प्रक्रिया के बाद भी गुर्जरपुरा का नाम पूर्ववत ही रहेगा। जिला कलेक्टर की जांच, आपत्तियों और सुनवाई के बाद राज्य सरकार ने इस निर्णय को मंजूरी दी। सूचना मिलते ही गांव में जश्न का माहौल बन गया। PTN फाइनेंस कार्यालय सहित कई स्थानों पर ग्रामीणों ने मिठाइयाँ बांटकर खुशी जताई। महेंद्र कसाना, सिंबू दयाल, धर्मेंद्र, सुरेश कसाना, कमलेश सहित ग्रामीणों ने सांसद राव राजेंद्र सिंह और विधायक कुलदीप धनकड़ का आभार व्यक्त किया। महेंद्र कसाना ने कहा— "यह निर्णय क्षेत्र की पहचान और जनभावनाओं का सम्मान है।" ग्रामीणों ने विधायक धनकड़ की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लोगों की भावना को समझकर सरकार तक पहुंचाया, जिसके चलते पंचायत का नाम यथावत रखा जा सका। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इसे जनभावनाओं की बड़ी जीत बताया और उम्मीद जताई कि इसी तरह विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।

# पृष्ठ एक का शेष....

## जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने "आदर्श पड़ोसी, आदर्श समाज" अभियान.......

इस मुहिम के ज़रिए, हम मुसलमानों को इन अनिवार्य शिक्षाओं की याद दिलाना चाहते हैं और उन्हें अच्छे पड़ोसी बनने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं, ताकि समाज के सामने इस्लाम की शिक्षाएं ज़ाहिर हो सकें। अच्छे रिश्तों की नींव पर बना समाज अपने आप ही एक मिसाली समाज बन जाता है। जब पड़ोसी एक-दूसरे के साथ दया, क्षमा और इंसाफ़ के साथ पेश आते हैं, तो इससे उठने वाली लहर पूरे समाज को परिवर्तित कर देती है। हमें उम्मीद है कि यह मुहिम न सिर्फ़ पड़ोसियों के बीच के गलतफहमियों को दूर करने का ज़रिया बनेगी, बल्कि हमदर्दी और सामाजिक ज़िम्मेदारी जैसे इस्लामी मूल्यों का एक मज़बूत सबूत भी बनेगी।

यह मुहिम शहरी इलाकों में बढ़ते अकेलेपन की भावना को सम्बोधित करती है, जिसकी वजह से पड़ोसी रिश्तों की अनदेखी हो रही है। इस मुहिम का मकसद आपसी हमदर्दी, सहयोग, साफ़-सफ़ाई और ट्रैफिक डिसिप्लिन को बढ़ावा देना है जिसे इस्लाम अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी मानता है ।

इस मुहिम में कई तरह कार्यक्रम होंगे, जैसे सभी धर्मों के पड़ोसियों के साथ मीटिंग, चाय सभाएं, महिलाओं और युवाओं के लिए विशेष प्रोग्राम, मोहल्लों में सफाई मुहिम, रास्ते के अधिकारों पर जागरूकता रैलियां, और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं, विभिन्न धर्मों के बीच तालमेल को मज़बूत करने और इस्लाम के बारे में गलतफहमियों को दूर करने के लिए हम-वतन भाइयों और बहनों तक पहुंचने पर विशेष ज़ोर दिया जाएगा। इस मुहिम में 'अपने पड़ोसी को जानें', आस-पड़ोस में सांस्कृतिक सभाएं, और स्थानीय समितियों की योजना भी शामिल होगी ताकि मुहिम के बाद भी लगातार विचार-विमर्श और फॉलो-अप को प्रोत्साहन मिलता रहे।

**प्रदेश में इस मुहिम के दौरान निम्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे:**

पत्रकार सम्मेलन, जुमे के खिताब, छात्रों व युवाओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं (चित्रकला, नाटक, नात, वीडियो, रील्स, भाषण, निबंध लेखन, कहानी सुनाना आदि तथा सेल्फी पॉइंट) के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुहिम के दौरान जमाअत के कार्यकर्ता अपने पड़ोसियों (बिना धर्म भेदभाव के) से मिलेंगे और उन्हें कुछ उपहार देंगे। पड़ोस और मोहल्ले के बुजुर्गों तथा बीमार लोगों से भी मुलाकात की जाएगी और मिली-जुली सभाएं भी आयोजित की जाएंगी। मस्जिद परिचय के प्रोग्राम भी रखे जाएंगे। महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम, चाय पार्टी, सांस्कृतिक गतिविधियाँ/खेल आदि का आयोजन किया जाएगा। "विभिन्न धर्मों में पड़ोसियों के अधिकार" विषय पर जयपुर में सिंपोजियम आयोजित किया जाएगा। युवाओं में जागृति के लिए रैलियाँ निकाली जाएंगी। सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता कार्यक्रम, मोहल्ला सफाई, जन सभाएँ, सांस्कृतिक समारोह आदि होंगे।

# अजमेर दरगाह पहुंचे नीतीश सरकार के मंत्री जमा खान

## -चुनाव में जीत के लिए अदा किया शुकराना



अजमेर। बिहार में नीतीश सरकार बनने के साथ ही एनडीए के इकलौते मुस्लिम एमएलए व मंत्री मोहम्मद जमा खान अजमेर शरीफ पहुंचे । उन्होंने अपनी जीत पर सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर अकीदत की चादर और फूल पेश किए। शुक्रवार रात में मोहम्मद जमा खान और उनके कार्यकर्ताओं ने ख्वाजा गरीब नवाज के आस्ताना पर शुक्र अदा किया। इन सभी को दरगाह में जियारत खादिम सैय्यद अनवर फरीदी ने कराई और दरबार की दस्तारबंदी कर तबर्रूक भेंट किया।

**अकेले मुस्लिम विधायक:-**

बिहार सरकार में 26 मंत्री बनाए गए हैं। जिसमें जेडीयू से इकलौते मुस्लिम एमएलए मोहम्मद जमा खान मंत्री बने हैं। वे चैनपुर से चुनाव जीते हैं। जमा खान नीतीश सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री रहे हैं। यही वजह है कि दोबारा जीत और मंत्री बनने पर अजमेर शरीफ शुकराना अदा करने पहुंचे। जमा खान ने बताया कि उनका परिवार ख्वाजा गरीब नवाज में आस्था रखता है। ख्वाजा साहब के करम से उन्हें जीवन मे कामयाबी भी हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार किसी जाति-मजहब में फर्क नहीं करते और सभी का सम्मान करते हैं। राज्य की तरक्की, मोहब्बत, भाईचारे के लिए उन्होंने हमेशा काम किया है। 10 बार के सीएम नीतीश कुमार की जीत के बाद राज्य में सरकार बेहतर कार्य करे, इसलिए शुक्रिया चादर पेश कर नीतीश की अच्छी सेहत की दुआ करने आए हैं।

**4 मुस्लिम प्रत्याशियों में से सिर्फ जमा खान को मिली जीत:-**

उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने मुस्लिम समाज की बात रखते हुए 4 टिकट दिए, लेकिन सिर्फ उन्हें ही जीत मिली और मिनिस्टर भी बनाया गया। ये जीत ख्वाजा गरीब नवाज के करम और दुआ से मिली है। जनता के लिए बेहतर कार्य अंजाम दिए जाएंगे। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री रहते हुए उन्होंने राज्य में गर्ल्स-बॉयज 29 आवासीय विद्यालय की मंजूरी करवाई। जिसमें 12 जगहों पर निर्माण भी करवा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हॉस्टल, स्कूल, मदरसे के सौन्दर्यकरण और मदरसों में वेतन में बढ़ोतरी समेत आईएस, आईपीएस, ज्यूडिशियल की फ्री कोचिंग सेंटर भी अल्पसंख्यक समाज के लिए नीतीश सरकार करती आई है, आगे भी इससे बेहतर काम करेगी।

# 29 जोड़ों का निकाह सादगी के साथ हुआ

## -एहसास सोशल डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित हुआ था सामूहिक विवाह सम्मेलन




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। एहसास सोशल डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन की ओर से 23 नवंबर 2025 बरोज़ इतवार को जयपुर के मोती डूंगरी रोड स्थित मुस्लिम मुसाफिर खाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमें 29 जोड़ों का निकाह बड़ी सादगीपूर्वक पढ़ाया गया । एहसास सोशल डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन के जिम्मेदार हाजी नईम कुरैशी (इंडियाना होटल) ने बताया कि सामूहिक निकाह प्रोग्राम में कोई बैंड बाजा, कोई दिखावा एवं आतिशबाजी भी नहीं की गई । एहसास सोशल डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन यह सामूहिक विवाह सम्मेलन इसलिए आयोजित करता है, जिससे मुस्लिम समाज में शादियों में दहेज एवं दिखावे की प्रथा को रोका जा सके । हाजी नईम ने बताया कि इस प्रोग्राम में काफी लोगों का सहयोग मिला और आगे भी ऐसे सामूहिक विवाह सम्मेलन किए जाएंगे ।

# प्रशांत किशोर ने अपनी कमाई की 90 फीसदी राशि जन स्वराज पार्टी को दान की



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में 238 सीटें लड़कर जीरो पर आउट हुई जन सुराज पार्टी (जेएसपी) के नेता प्रशांत किशोर ने पार्टी को आगे चलाने के लिए दिल्ली का एक घर छोड़कर सारी संपत्ति पार्टी को दान करने का ऐलान कर दिया है। प्रशांत ने इसके साथ ही अगले पांच साल तक सलाह देने के बदले होने वाली कमाई का 90 फीसदी हिस्सा भी जन सुराज को डोनेट करने की घोषणा की है। पार्टी की हार के लिए चंपारण के गांधी आश्रम में 24 घंटे का प्रायश्चित उपवास तोड़ने के बाद पीके ने 15 जनवरी से बिहार में नए सिरे से पार्टी का अभियान शुरू करने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जन सुराजी एक-एक वार्ड में जाएंगे और सरकार के वादों पर अमल करवाएंगे। प्रशांत ने कहा कि पार्टी महिलाओं का फॉर्म भरवाएगी, ताकि उनको 10 हजार रुपये मिले या बाद में मिलने वाला 2 लाख रुपया भी सरकार दे।

प्रशांत ने कहा कि महिलाओं को 10 हजार देते वक्त कोई शर्त नहीं रखा गया लेकिन 2 लाख देने के नाम पर अफसर शर्त बताएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की जो शर्त जारी की है, उस शर्त के मुताबिक बिहार की डेढ़ करोड़ महिलाओं से फॉर्म भरवाकर जमा कराना जन सुराज के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य के 1 लाख 18 हजार वार्ड में जाकर फॉर्म भरवाएंगे और जमा करवाएंगे। उन्होंने कहा कि या तो 2 लाख रुपया मिले या उनको सबक मिले कि भविष्य में गलती से वोट बेचना नहीं है।

**जन स्वराज की हार पर प्रशांत किशोर बोले-**

प्रशांत किशोर ने पार्टी को आगे चलाने के लिए संसाधन और पैसों की जरूरत पर चर्चा की और कहा कि 20 साल में उन्होंने जो भी कमाया है, दिल्ली का एक घर परिवार के लिए छोड़कर सारी चल-अचल संपत्ति वो जन सुराज पार्टी को दान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले 5 साल तक जो भी वो कमाएंगे, उसका कम से कम 90 परसेंट पार्टी को डोनेट करेंगे। उन्होंने जन सुराज को साल में कम से कम 1000 रुपये दान करने की अपील आम लोगों से की है। उन्होंने यह भी कहा कि अब वो सिर्फ उनसे मिलेंगे, जो जन सुराज को कम से कम 1000 रुपये का दान देंगे। उन्होंने कहा कि अब संघर्ष का समय शुरू हो रहा है।

**प्रशांत किशोर ने कमाई का 241 करोड़, जन सुराज पार्टी पर खर्च क्र दिया-**

चुनाव से पहले जन सुराज पार्टी की फंडिंग के सवाल पर प्रशांत किशोर ने बताया था कि उन्होंने 3 साल की कमाई 241 करोड़ का ज्यादातर हिस्सा जन सुराज के काम में खर्च कर दिया या सीधे ही पार्टी को दान कर दिया।

# बेरोजगारी भत्ता योजना के लाभार्थियों का औचक निरीक्षण

## - अनुपस्थित पाए जाने पर भत्ता रोकने की कार्यवाही प्रारम्भ




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार के कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग द्वारा बेरोजगार युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा संबल योजना' संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पुरुष आशार्थियों को प्रतिमाह 4 हजार रुपये तथा महिला आशार्थियों को प्रतिमाह 4 हजार 500 रुपये बेरोजगारी भत्ते के रूप में प्रदान किए जाते हैं। योजना की अनिवार्य शर्त के रूप में प्रत्येक लाभार्थी को प्रतिदिन 4 घंटे की इंटर्नशिप विभिन्न राजकीय कार्यालयों में करना अनिवार्य है। योजना की प्रगति एवं इंटर्न उपस्थिति की वास्तविक स्थिति जानने हेतु उपनिदेशक नवरेखा के नेतृत्व में चौमू तहसील के रामपुरा डाबड़ी, उदयपुरिया, इटावा भोपजी आदि क्षेत्रों के राजकीय कार्यालयों, पटवार भवन, पंचायत समिति, आयुर्वेद औषधालय, पशु चिकित्सालय आदि में इंटर्नशिप कर रहे लाभार्थियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में यह पाया गया कि कई इंटर्न जिम्मेदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ सौंपे गए कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं, वहीं अनेक इंटर्न कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए लाभार्थियों के विरुद्ध भत्ता रोकने संबंधी कार्यवाही कार्यालय स्तर पर प्रारम्भ कर दी गई है।

उपनिदेशक नवरेखा ने बताया कि इंटर्नशिप की नियमित उपस्थिति प्रमाण-पत्रों की जांच के दौरान गलत तरीके से उपस्थिति दर्ज करवा कर भत्ता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से 2 लाख 58 हजार 520 रुपये की वसूली कर राजकोष में जमा कराए गए हैं। वर्तमान में मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के इंटर्न लाभार्थी, जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना करते हुए राज्य सरकार के अभियान विशेष गहन पुनरिक्षण कार्यों में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इन युवा लाभार्थियों द्वारा किए जा रहे योगदान को जिम्मेदार नागरिक व युवा शक्ति के सकारात्मक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

# लक्ष्य सेन ने जीता ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब

## -इनाम में मिली करोड़ों की रकम; ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय




नई दिल्ली । भारत के लक्ष्य सेन ने रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में जापान के युशी तनाका को हराकर सत्र का अपना पहला खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर मुश्किल दौर का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 जीतने पर लक्ष्य सेन को 475,000 डॉलर के ईनाम से नवाजा गया है जो भारतीय रुपए के हिसाब से तकरीबन 4.25 करोड़ रुपए है। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद खराब दौर से गुजरने वाले अल्मोड़ा के 24 वर्षीय खिलाड़ी सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 वर्षीय तनाका को 38 मिनट में 21-15, 21-11 से हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इससे पहले आखिरी बार 2024 में लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सुपर 300 खिताब जीता था। वह इस साल सितंबर में हांगकांग सुपर 500 में उपविजेता रहे थे। इस वर्ष ऑर्लियंस मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी तनाका का सामना करते हुए लक्ष्य ने शानदार नियंत्रण और तेज तर्रार खेल का नमूना पेश किया तथा एक भी गेम गंवाए बिना मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए। इससे पहले आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीता था। भारत के अन्य खिलाड़ियों में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी हांगकांग और चीन मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे थे, जबकि किदाम्बी श्रीकांत भी साल की शुरुआत में मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे थे।

# जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम ने अवैध गैस रिफिलिंग नेटवर्क का किया भंडाफोड़

## - 480 सिलेंडर, 6 पिकअप, रिफिलिंग मशीनें की जब्त, 9 आरोपी गिरफ्तार
## - जिला रसद कार्यालय की तीन टीमों ने अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई को दिया अंजाम



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम ने जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर ऑपरेशन प्रवर्तन के तहत बुधवार 19 नवंबर को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि तीन विशेष सतर्कता दलों ने जयपुर के अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई को अंजाम दिया। तीनों कार्रवाई में टीमों ने 480 सिलेंडर, 6 पिकअप, रिफिलिंग मशीनें की जब्त की वहीं, 9 आरोपी गिरफ्तार किए हैं। उन्होंने बताया कि दल 'ए' में कीर्ति शर्मा एवं सरिता, दल 'बी' में योगेश मिश्रा एवं सुनीता चौधरी तथा दल 'सी' में सुश्री कविता शर्मा, पूजा शर्मा, प्रिया गंगवानी एवं सरोज मीना को सम्मिलित करते हुए अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई। चारण के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान सर्वप्रथम प्रातः 04:30 बजे दल 'ए' द्वारा प्रताप नगर सेक्टर 16-17 नाले की पुलिया पर अवैध गैस रिफिलिंग की गतिविधि पाए जाने पर दबिश दी गई, जहां कुल 107 गैस सिलेंडर, 1 पिकअप, 4 रिफिलिंग मशीन, 1 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 रजिस्टर तथा 1 पेटीएम मशीन जब्त की गई एवं एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद दल 'बी' द्वारा कृष्णा विहार, श्रीराम की नांगल, सांगानेर में कार्रवाई करते हुए 77 गैस सिलेंडर, 1 पिकअप वाहन, 1 मोबाइल एवं सीसीटीवी डीवीआर जब्त किया गया। इसी क्रम में दल 'सी' द्वारा जयपुर शहर के अति संवेदनशील क्षेत्र गंगानिवारा मैरिज गार्डन, एयरपोर्ट की दीवार के पास, प्रताप नगर में दबिश दी गई, जहां से कुल 296 गैस सिलेंडर (घरेलू एवं वाणिज्यिक दोनों), 4 पिकअप वाहन, 1 रिफिलिंग मशीन, 3 इलेक्ट्रॉनिक कांटे तथा सीसीटीवी डीवीआर सेट जब्त किए गए तथा 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान लक्ष्य इंडेन रामपुरिया जगतपुरा की गाड़ियों का मौके पर पाया जाना एजेंसी की संभावित संलिप्तता को दर्शाता है, जिसके संबंध में विस्तृत जांच कार्यालय स्तर पर जारी है। तीनों कार्रवाइयों में कुल 480 गैस सिलेंडर, 6 पिकअप वाहन, 5 रिफिलिंग मशीनें, 4 इलेक्ट्रॉनिक कांटे जब्त किए गए तथा कुल 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। तीन अवैध गैस रिफिलिंग माफियाओं के विरुद्ध द्रवित पेट्रोलियम गैस (रेग्यूलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन) ऑर्डर, 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत नामजद एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम ने बताया कि ऐसे अवैध रिफिलिंग केंद्र बिना सुरक्षा मानकों के संचालित होते हैं, जिससे आवासीय क्षेत्रों में बड़े हादसों की आशंका बनी रहती है। भारी मात्रा में गैस सिलेंडरों के खुले भंडारण से कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है, इसलिए इन गतिविधियों को रोकने हेतु सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

# जौहरी बाज़ार में 38 किलो चांदी लूट का बड़ा खुलासा, माणक चौक पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## -गजानंद ज्वैलर्स लूट मामले में पुलिस ने 2 आरोपी दबोचे



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। माणकचौक थाना पुलिस ने जौहरी बाजार स्थित 'गजानंद ज्वैलर्स' में 19 नवंबर को हुई लूट की वारदात का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद दो आरोपियों— अकरम और हितेश प्रजापत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 38 किलो चांदी और 170 ग्राम सोना बरामद किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले इसी कॉम्प्लेक्स में काम करते थे, इसलिए उन्हें रास्तों की जानकारी थी। इन्होंने गार्ड्स को बंधक बनाकर लूट को अंजाम दिया था। वारदात में शामिल इनके दो अन्य साथी अभी फरार हैं।

# मस्जिद गिराने की मांग को लेकर शिमला के संजौली में अनशन पर बैठे हिंदू संगठन, प्रशासन को दी चेतावनी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के संजौली क्षेत्र में अवैध घोषित मस्जिद को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मस्जिद के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हिंदू संगठनों ने शुक्रवार को एक बार फिर प्रशासन को चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होते, तब तक आंदोलन और आमरण अनशन जारी रहेगा। बता दें कि संजौली थाने के बाहर हिंदू संघर्ष समिति और अन्य संगठनों के कार्यकर्ता पिछले चार दिनों से धरने पर बैठे हैं। हिंदू संगठनों की मुख्य मांग है कि 14 नवंबर को मस्जिद में जुमे की नमाज रोकने की घटना के बाद समिति के सदस्यों पर दर्ज की गई एफआईआर को वापस लिया जाए। इसके अलावा अवैध घोषित मस्जिद का बिजली-पानी कनेक्शन काटकर उसे सील करने की कार्रवाई भी तुरंत शुरू की जाए। गुरुवार देर रात प्रशासनिक अधिकारियों और हिंदू नेताओं के बीच हुई बातचीत में मौखिक सहमति बनी बताई जाती है, लेकिन हिंदू नेता लिखित आदेश पर ही आंदोलन समाप्त करने की बात कह रहे हैं।

**क्यों बढ़ा विवाद-**

दरअसल पिछले शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं के साथ मिलकर देवभूमि संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को संजौली मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए जाने से रोका था। समिति का कहना था कि यहां हुआ निर्माण कोर्ट की ओर से अवैध करार दिया जा चुका है। ऐसे में विवादित और अवैध निर्माण में नमाज नहीं की जानी चाहिए। इसके बाद स्थानीय महिलाओं के साथ देवभूमि संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं पर FIR दर्ज की गई। अब सरकार और प्रशासन के रवैये के खिलाफ देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्य आमरण अनशन पर बैठे हैं।

**क्या है हिंदू संगठनों की मांग-**

हिंदू संगठन और स्थानीय लोगों की मांग है, जब कोर्ट ने संजौली मस्जिद को अवैध घोषित कर दिया है तो नियमों के मुताबिक बिजली-पानी कनेक्शन काटा जाए। दूसरा विवादित स्थल पर अवैध गतिविधि रोकी जाए। तीसरा बीते शुक्रवार को नमाजियों को मस्जिद में जाने से रोकने पर जिन 4 महिलाओं सहित 6 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है, उसे वापस लिया जाए।

# डीएसटी टीम ने फरार 25 हज़ार रूपये के इनामी अपराधी अनुज बिजारणिया को पकड़ने में पाई सफलता

## -अनुज बिजारणिया उर्फ अनोज नेशनल सीड्स कॉपरेशन लिमिटेड की ऑनलाईन परीक्षा में फर्जीवाडा करने में के प्रकरण में था वांछित अपराधी।



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद आईपीएस ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अपराध शाखा जयपुर, राजस्थान द्वारा चलाये जा रहे सक्रिय बदमाशान के विरूद्ध कार्यवाही एंव वाछित अपराधियो की धरपकड हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया है। जिसके अन्त्रतगत आलोक सिघंल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में गणेश सैनी पुनि. डीएसटी प्रभारी मय डीएसटी टीम एंव कार्यालय हाजा की तकनिकी टीम का गठन किया जाकर वांछित अपराधियो एवं सक्रिय अपराधियो के खिलाफ त्वरित कार्यवाही हेतु उचित दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके अन्त्रतगत जिला पश्चिम के डीएसटी प्रभारी गणेश सैनी पुनि व वैशाली नगर थानाधिकारी राजेश सिंह द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये 25000/- के 01 ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी।

टीम द्वारा डीएसटी टीम जयपुर पश्चिम से वांछित अपराधियो की धरपकड हेतु प्राप्त इनपुटो पर कार्यवाही करते हुये वांछित अपराधियो के संबंध मे थाना रिकार्ड, मुखबीर तंत्र से प्राप्त सुचना व तकनीकी सहायता और प्राप्त इनपुट के आधार पर डीएसटी टीम पश्चिम द्वारा मुकदमा नम्बर 18/2025 धारा 318 (4), 61(2) (ए) बीएनएस 2023 व 43, 66 आईटी एक्ट 2008 और 10 (1) राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पुलिस थाना वैशालीनगर में वांछित 25000रु के फरार ईनामी आरोपी आरोपी अनुज बिजारणिया उर्फ अनोज बिजारणिया पुत्र राजेंद्र प्रसाद बिजारणिया, जाति जाट, उम्र 28 साल, गांव हीरानगर, नीमकाथाना जिला सीकर को पकडने में सफलता प्राप्त की गयी।

# पुलिस थाना खोह नागोरियान की अवैध जुओं के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

## -कुल 28 जुआरियों को ताश-पत्ती के साथ जुआ खेलते किया गया गिरफ्तार
## -गिरफ्तार जुआरियों के कब्जे से कुल 8,61,000 रूपये जुआ राशि की गयी बरामद



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। थानाधिकारी थाना खोह नागोरियान ओमप्रकाश मालवा (पु०नि) के नेतृत्व में गठित टीम मुकेश कुमार उनि, शिवचरण हैड कानि 693, कमलेश कानि 3782, सुमनेश कानि 9385, आसिफ कानि. 9933, रामातवार कानि 12298 द्वारा 17 नवंबर की रात्रि मे घर में ताश पत्ति से अवैध जुओं की सूचना प्राप्त होने पर जुओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये कुल 28 व्यक्तियो को ताश-पत्ती के साथ बीपीएल गोदाम के सामने गोनेर रोड पर स्थित दुकान की द्वितिय मंजिल पर जुओं खेलते हुए गिरफतार किया जाकर जुऑरियो के कब्जे से कुल 8,61,000 रूपये जुओं राशि व जुआ आर्टिकल ताश-पत्ती को बरामद करने में सफलता अर्जित की है। अवैध जुओं के संबंध में की गयी कार्यवाही के संबंध में पुलिस थाना खोह नागोरियान पर अभियोग संख्या 661/2025 अपराध चारा 3/4, 13 आरपीजीओ व 112(2), 318(3) बी.एन.एस. मे दर्ज किया गया है। दर्ज अभियोग में गिरफतार कुल 28 जुऑरियो से प्रकरण में अनुसंधान किया जा रहा है।

गिरफ्तार मुल्जिमान संतोष कुमार सोनी पुत्र हनुमान दास उम्र 50 साल जाति सोनी, सताब खान पुत्र बत्तू खाँ जाति मुसलमान उम्र 72 साल, अंकुर पटेल पुत्र मफथ भाई जाति गुजराती उम्र 45, उमरदराज पुत्र मुनेर खाँ जाति मुसलमान उम्र 35 साल,मोहम्मद आसद पुत्र मरहूम इशाक जाति मुसलमान उम्र 26 साल ।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

### क्या चुनाव आयोग भाजपा और एनडीए को जिताने का काम करता है?

भारत के चुनाव आयोग की विश्व में चर्चा हो रही है। भारत के चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार देश के सबसे चर्चित व्यक्ति बन गए है। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार देश के ऐसे चुनाव आयुक्त है जो किसी शिकायत और चुनाबी गड़बड़ी का जबाव ही नहीं देना चाहते है। इसके उलट आरोप लगाने वालो और विपक्षी दलों पर मुकदमा चलाने की धमकी देते है। देश में चुनाव आयोग पर विपक्षी नेता, समाजसेवी, वकील और बुद्धिजीवी चुनाव में धांधली और पक्षपात के आरोप लगा रहे है लेकिन चुनाव आयोग किसी भी आरोप की सफाई देना उचित नहीं समझता है। देश में पहली बार ऐसा महसूस हो रहा है कि डेमोक्रेसी के नाम पर चुनाव प्रक्रिया एक औपचारिकता भर रह गयी है। चुनावी परिणामों के विश्लेषण से पता चलता है कि सबकुछ पहले ही निश्चित कर दिया जाता है। एक पार्टी को बम्पर बहुमत कैसे मिल जाता है जबकि वही पार्टी पिछले पांच वर्षों से सत्ता में है। उस विशेष पार्टी का राज्य एवं देश में इतना अच्छा काम भी नहीं है और जनता उसके शासन से सन्तुष्ट भी नहीं है। चुनावी माहौल भी इतना पक्ष में दिखाई नही देता है जितने विजयी परिणाम सामने आते है। पूर्व के चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग चुनावी गड़बड़ी, पक्षपात और चुनावी भ्रष्टाचार पर तत्काल कार्यवाही करने के लिए जाने जाते है। जबकि वर्तमान चुनाव आयोग चुनाव से पहले और चुनाव के दौरान खुलेआम सरकारी पैसे को बांटने पर भी कोई कार्यवाही नहीं करता है। बिहार में महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये आए। यह रुपये विधानसमा चुनाव अधिसूचना से पहले और चुनावों के दौरान आए। लेकिन चुनाव आयोग ने कोई एक्शन नहीं लिया। नतीजा सबके सामने है। बिहार चुनाव में एक तरफा परिणाम आए। दूसरी तरक 2017 में तमिलनाडू में विधानसभा उपचुनाव की 12 अप्रैल तारीख तय की थी। सब कुछ सामान्य चल रहा था। तभी चुनाव आयोग ने 9 अप्रैल को मतदान से तीनदिन पहले एक बयान जारी कर कहा कि मतदाताओं को बड़े पैमाने पर धन, उपहार और अन्य प्रलोभनों के जरिए प्रभावित किया जा रहा है। ऐसी परिस्थितियों में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। इस कारण मतदान स्थिगित किया जाता है। देश में ऐसे दूसरे उदाहरण भी है जब चुनाव में गड़बडियों की शिकायत पर चुनाव आयोग ने बड़ी कार्यवाही की थी। लेकिन वर्तमान चुनाव आयोग सत्ताधारी पार्टी की चुनाव जिताने वाली एंजेशी बन कर रह गया है। चुनाव आयोग के कारण देश की जनता बेबस नजर आने लगी है। जनता के मताधिकार के अधिकार को छीनने की कोशिश की जा रही है। चुनाव आयोग के कारण देश में अशांति का माहोल बनने लगा है। डेमोक्रसी को खतरा पैदा हो गया है। चुनाव प्रक्रिया केवल दिखावा साबित हो रही है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि चुनाव आयोग भाजपा और एनडीए को जिताने के लिए काम करता है।

# हिन्दू राष्ट्र के नाम पर मुसलमान निशाने पर क्यों ?

## संघ देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता है। लेकिन इसके बहाने लगातार मुसलमानों को निशाने पर रखा जाता है और अदालतें खामोश हैं। आखिर कब तक !

संघ देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता है। लेकिन इसके बहाने लगातार मुसलमानों को निशाने पर रखा जाता है और अदालतें खामोश हैं। आखिर कब तक ! इस खामोशी पर हैरानी होती है कि क्या देश में संविधान खत्म हो गया है ? क्या सुप्रीम कोर्ट ने सच देखना बंद कर दिया है ? या अब देश के मुसलमानों के नागरिक अधिकारों की रक्षा करने में देश का संविधान और देश का सुप्रीम कोर्ट नाकाम हो गया है ! हैरानी होती है कि संघ एक ऐसा संगठन है जिसका देश के किसी भी कानून में पंजीयन नहीं है। वह संगठन तय कर रहा है कि देश कैसे चलेगा। संघ के प्रमुख मोहन भागवत असम जाकर कह रहे हैं कि यदि मुसलमान और ईसाई देश की पूजा करना शुरू कर दें तो फिर वे भी हिंदू हैं और देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की आवश्यकता नहीं होगी। सवाल यह है कि भागवतजी आपको यह अधिकार किसने दिया कि आप निर्देश जारी करें कि ईसाइयों और मुसलमानों को क्या करना है ? देश का संविधान उन्हें अपने धर्म को मानने, उसका प्रचार-प्रसार करने की इजाजत देता है। हैरानी तब होती है कि संघ के लोग सुप्रीम कोर्ट में कहते हैं कि हिंदू कोई धर्म नहीं है, बल्कि जीवन शैली है और बाहर आकर हिंदू राष्ट्र का अलाप करते हैं।

भागवतजी शायद जानते ना हो कि हिंदू एक विदेशी शब्द है और यह सिंधु नदी के पार रहने वाले लोगों के लिए इस्तेमाल हुआ था, ना कि धर्म के लिए। अब इसे आप धर्म मानने लग जायें तो यह आपकी अपनी सोच है। लेकिन सवाल यह उठता है कि देश के प्रधानमंत्री से लेकर हर पोस्ट पर हिंदू मौजूद है, फिर भी हिंदू राष्ट्र के बहाने देश के मुसलमानों के



खिलाफ नफरत क्यों फैलाई जाती है ? जो हमेशा जारी रहती है। मुसलमानों से नफरत का आलम यह है कि पिछले दिनों कुछ मुस्लिम परिवार पूणे के शनिवाड़ा किले में घूमने चले गए, जो पुरातत्व विभाग से संरक्षित है वहां कुछ महिलाओं ने नमाज अदा कर ली। इस पर पुरातत्व विभाग को कोई दिक्कत नहीं हुई, लेकिन भाजपा की एक राज्य सभा सांसद मेघा कुलकर्णी की धार्मिक भावनाएं आहत हो गईं और उन्होंने एफआईआर दर्ज करने के लिए पूरे महाराष्ट्र में बवाल का खड़ा कर दिया। लेकिन मेघा कुलकर्णी को यह कभी नजर नहीं आया कि देश के ज्यादातर पार्कों में बिना अनुमति के संघ की शाखाएं लगती हैं। इतना ही नहीं देश के ज्यादातर पुलिस थानों की जमीनें सिंचाई विभाग के कार्यालय यहां तक की अस्पतालों की जमीनों पर अतिक्रमण करके मंदिर बना रखे हैं। यह उनको नजर नहीं आया। इतना ही नहीं दीपावली पर संघ के कुछ लोग दिल्ली में हज़रत निज़ामुद्दीन की दरगाह पर दीवोत्सव मनाने चले गए। अरे भाई ! तुम अपने मंदिरों पर खूब दीप जलाओ किसी को कहां ऐतराज है। लेकिन क्यों मुसलमानों की आस्था की जगहों पर जाकर हंगामा खड़ा करते हो।

मुसलमानों से नफरत का आलम यह है कि यूपी सरकार का एक मंत्री रघुनाथ सिंह खुलेआम सार्वजनिक रूप से बयान दे रहा है कि देश की सभी मस्जिदों पर ताले लगा देना चाहिए, मदरसों को बंद कर देना चाहिए और बुलडोजर चला देना चाहिए। इतना ही नहीं देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को आतंकवाद का अड्डा बता रहा है, जबकि इन्हीं मंत्री जी की केंद्र सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डाभोल सार्वजनिक रूप से ऐलान कर रहे हैं कि देश आजाद होने के बाद से पाकिस्तान की आईएसआई भारत में जासूसी करने के लिए अस्सी फ़ीसदी हिंदुओं की भर्ती करती है और वह आंकड़े बताते हुए कहते हैं कि अब तक लगभग 5 हज़ार जासूसी के मामलों में पकड़े गए लोगों में अस्सी फ़ीसदी हिंदू हैं। ऐसे में मंत्री रघुनाथ सिंह को मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने और अलीगढ़ विश्वविद्यालय को आतंकवाद का अड्डा बताने से पहले अजीत डाभोल का बयान सुन लेना चाहिए था। यू पी तो मुसलमानों के खिलाफ नफरत फ़ैलाने में सबसे आगे रहता है। कुछ सालों पहले गौ मांस के रखने के नाम पर एक मुस्लिम अख्लाक की हत्या कर दी गई थी। लेकिन अब यू पी सरकार ने कोर्ट में कहा है कि जिन्हें आरोपी बनाया है उनके खिलाफ हत्या में शामिल होने के सबूत नहीं हैं, यानि अखलाक की हत्या ही नहीं हुई। लेकिन यू पी के मुख्यमंत्री कुछ भी कर सकते हैं। जो मुख्यमंत्री अपने खिलाफ चल रहे सारे मुकदमों को वापस ले सकता है तो इसको अख्लाक के हत्यारे कैसे नजर आ सकते हैं और हैरानी यह है कि यह सब कुछ हो रहा है अदालतें खामोश हैं, सुप्रीम कोर्ट खामोश है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि मुसलमानों से इतनी नफरत की वजह क्या है तो इसके लिए संघ के इतिहास में झांकना होगा। संघ के दूसरे संघ सरचालक गुरु गोवलकर ने एक किताब लिखी थी "बैच ऑफ़ थॉट" उसमें उन्होंने जिस हिंदू राष्ट्र की कल्पना की थी, उसमें उन्होंने तीन बाधाओं का जिक्र किया था। एक थे वामपंथी, दूसरे थे ईसाई और तीसरे थे मुसलमान। उनका मानना था कि इन तीन बाधाओं को अगर खत्म कर दिया जाए तो देश को आसानी से हिंदू राष्ट्र घोषित किया जा सकता है। इसके लिए बस सबसे पहले उन्होंने वामपंथियों को निशाने पर लिया। जिनकी सरकारें केरल, बंगाल और त्रिपुरा तक थीं और पूरे देश के वामपंथी विचारक मौजूद थे। लेकिन संघ के प्रयासों से अब वामपंथी लगभग खत्म से हो गए हैं। फिर आए ईसाई निशाने पर।

इसके लिए उन पर धर्मांतरण के आरोप लगाकर चर्चों पर हमले किए गए और गत वर्षों में मणिपुर में जो हुआ और पूरे देश ने देखा कि कैसे ईसाइयों को निशाना बनाया गया और इन सब से ईसाई समुदाय लगभग समर्पण की स्थिति में आ गया है। अब बचे मुसलमान तो ये संघ के गठन से ही उसके निशाने पर रहे हैं। लेकिन केंद्र में सत्ता के आने के बाद उसको उनका लगातार निशाने पर रखा जा रहा है। कभी लव जिहाद, तो कभी तीन तलाक, कभी वक्फ़ कानून। लेकिन इतना सब के बाद भी अभी मुसलमान वैसे खौफ में नहीं आ रहा है जैसा ये चाहते हैं। लेकिन इनके हौंसले बहुत बुलंद हैं, एक बाबा धीरेंद्र शास्त्री तो देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करवाने के लिए यात्रा निकाल रहा है।

संविधान और देश के कानून के हिसाब से यह यात्रा सीधे-सीधे देश के संविधान को चुनौती देने वाली है और बाबा पर देशद्रोह का केस दर्ज होना चाहिए। लेकिन बाबा की यह यात्रा पूरे प्रोटोकॉल के साथ पुलिस संरक्षण में चल रही है और देश के संविधान की रक्षा करने की शपथ लेने वाली सरकार चुप है। देश का सुप्रीम कोर्ट चुप है। कुछ लोग हैं जिनकी देश के संविधान और देश के लोकतंत्र में आस्था है वे जरूर इस यात्रा का विरोध कर रहे हैं। सवाल यह है कि धीरेंद्र शास्त्री को यात्रा निकालने की आवश्यकता क्यों है केंद्र में सरकार हिंदूवादी है तो बाबा उसे सरकार से देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करवा दे।

लेकिन एक बार घोषित हो गया तो फिर मुसलमानों के खिलाफ जो नफरत फैलाने का अभियान है, उसका क्या होगा ? उसे तो फिर चलना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए मुसलमानों के खिलाफ नफरत का अभियान चलाने के लिए हिंदू राष्ट्र का राग जारी रखने की जरूरत है। लेकिन इन लोगों को शायद मुसलमानों के डीएनए की समझ नहीं है वे देश के संविधान और लोकतंत्र पर पूरा भरोसा रखते हैं और वह किसी से नहीं डरते हैं और यात्रा करने वाले कितनी ही नफरत फैलाए मुसलमानों का देश के संविधान, इस देश के हिंदू मुस्लिम भाईचारे पर यकीन बरकरार था और हमेशा रहेगा।

-डॉ. शहाबुद्दीन खान

# कमज़ोरों की मदद: अल्लाह की मदद का ज़रिया

इस्लाम एक रहमत और हमदर्दी का मज़हब है। इसने समाज के कमज़ोर और बेसहारा तबक़ात, ख़ास तौर पर यतीमों और बेवाओं के हुक़ूक़ और उनकी देखभाल को बहुत ज़्यादा अहमियत दी है। क़ुरान-ए-पाक में बार-बार यतीमों के साथ नरमी, उनके माल की हिफ़ाज़त और उनके साथ इंसाफ़ करने का हुक्म आया है। अल्लाह तआला फ़रमाता है, "पस तुम यतीम पर सख़्ती न करो।" (सूरह अद-दुहा: 9)

नबी-ए-करीम (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम), जो ख़ुद एक यतीम थे, उन्होंने यतीम की कफ़ालत (देखभाल) करने वाले को जन्नत में अपने क़रीब होने की बशारत (शुभ सूचना) दी है। आपने अपनी दो उँगलियों को मिलाकर फ़रमाया, "मैं और यतीम की कफ़ालत करने वाला जन्नत में इस तरह (क़रीब) होंगे।" (सहीह बुख़ारी)

इसी तरह बेवाओं की मदद और उनकी ज़रूरतों को पूरा करने को अल्लाह की राह में जिहाद करने और दिन भर रोज़ा रखने और रात भर इबादत करने के बराबर क़रार दिया गया है। यह सिर्फ़ एक शख़्स की नहीं, बल्कि पूरे इस्लामी समाज की ज़िम्मेदारी है कि वह अपने अंदर मौजूद यतीमों और बेवाओं को अकेला और बेसहारा न छोड़े। उनकी तालीम, तरबियत, सेहत और माली ज़रूरतों का ख़याल रखना एक बेहतरीन इबादत और अल्लाह की रज़ा हासिल करने का सबसे आसान तरीक़ा है। जो समाज अपने कमज़ोरों का ख़याल रखता है, अल्लाह उस समाज पर अपनी रहमतें नाज़िल फ़रमाता है।

# घर: दुनिया में जन्नत का नमूना

इस्लाम चाहता है कि एक मुसलमान का घर सुकून, रहमत और मुहब्बत का गहवारा हो, जहाँ के रहने वाले दुनिया की परेशानियों से आकर पनाह और राहत महसूस करें। अल्लाह तआला ने क़ुरान में मियाँ-बीवी के रिश्ते का मक़सद ही सुकून बताया है। इस सुकून भरे माहौल को बनाने के लिए इस्लामी तालीमात हमारी बेहतरीन रहनुमाई करती हैं।

सबसे पहले घर को अल्लाह के ज़िक्र से आबाद रखा जाए। जिस घर में क़ुरान की तिलावत होती है, नमाज़ पढ़ी जाती है और अल्लाह को याद किया जाता है, वहाँ फ़रिश्ते आते हैं और शैतान दूर भागता है। नबी-ए-करीम ने फ़रमाया, "अपने घरों को क़ब्रिस्तान न बनाओ।" यानी उनमें इबादत करते रहो।

दूसरा, घर के अफ़राद (सदस्यों) के बीच आपसी ताल्लुक़ात मुहब्बत, रहमदिली और माफ़ करने पर हों। मियाँ-बीवी एक-दूसरे के हुक़ूक़ अदा करें, एक-दूसरे की ख़ामियों को नज़रअंदाज़ करें और ख़ूबियों की सराहना करें। वालिदैन औलाद पर शफ़क़त (स्नेह) करें और औलाद वालिदैन का अदब और एहतेराम करे। लड़ाई-झगड़े, ग़ीबत और एक-दूसरे पर तोहमत लगाने से घर का सुकून बर्बाद हो जाता है। सलाम को आम करना, एक-दूसरे को छोटे-छोटे हदिया देना और एक साथ बैठकर खाना खाना भी आपसी मुहब्बत को बढ़ाता है। इस्लामी उसूलों पर अमल करके ही हम अपने घरों को दुनिया में जन्नत का एक नमूना बना सकते हैं।

# इंदिरा गांधी – आयरन लेडी, भारत की प्रथम महिला प्रधान मंत्री

## 19 नवंबर 1917 - 31 अक्टूबर 1984

इंदिरा गांधी का जन्म ब्रिटिश शासित भारत में इंदिरा नेहरू के रूप में 19 नवंबर 1917 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद (वर्तमान प्रयागराज ) में एक कश्मीरी पंडित परिवार में हुआ था। उनके पिता जवाहरलाल नेहरू ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता के लिए भारतीय आंदोलन में एक अग्रणी व्यक्ति थे और भारत के डोमिनियन (और बाद में गणराज्य ) के पहले प्रधानमंत्री बने। इंदिरा अपने माता-पिता की एकमात्र जीवित संतान थीं (उनका एक छोटा भाई था, जो युवा होने पर मर गया था)। उन्होंने 1942 में 25 साल की उम्र में फिरोज गांधी से शादी की। 1960 में दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु होने तक उनकी शादी 18 साल तक चली। उनके दो बेटे थे- राजीव और संजय।

1947 से 1964 तक अपने पिता जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान, इंदिरा उनकी परिचारिका थीं और उनकी अनेक विदेश यात्राओं में उनके साथ रहीं। लाल बहादुर शास्त्री , जो 1964 में नेहरू की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री बने थे, ने उन्हें अपनी सरकार में सूचना और प्रसारण मंत्री नियुक्त किया। जनवरी 1966 में शास्त्री की अचानक मृत्यु के बाद, इंदिरा ने अपने प्रतिद्वंद्वी, मोरारजी देसाई को कांग्रेस के संसदीय नेतृत्व के चुनाव में हराकर नेता बनीं और शास्त्री के बाद प्रधानमंत्री भी बनीं। सिरीमावो भंडारनायके के बाद वह दुनिया की दूसरी महिला प्रधानमंत्री थीं, जब वह भारत की प्रधानमंत्री बनीं।

प्रधान मंत्री के रूप में, गांधी अपने अडिग राजनीतिक रुख और कार्यकारी शाखा के भीतर सत्ता के केंद्रीकरण के लिए जानी जाती थीं। 1967 में, उन्होंने चीन के साथ एक सैन्य संघर्ष का नेतृत्व किया जिसमें भारत ने हिमालय में चीनी घुसपैठ को खदेड़ दिया। 1971 में, वह पूर्वी पाकिस्तान में स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम के समर्थन में पाकिस्तान के साथ युद्ध में गईं, जिसके परिणामस्वरूप भारत की जीत हुई और बांग्लादेश को स्वतंत्रता मिली। गांधी ने 1974 में भारत के पहले सफल परमाणु हथियार परीक्षण की शुरुआत में भी अहम भूमिका निभाई थी। उनके शासनकाल में भारत ने 1971 में सोवियत संघ के साथ एक मैत्री संधि पर हस्ताक्षर करके अमेरिका द्वारा चीन के प्रति बढ़ती नज़दीकियों के परिणामस्वरूप उत्पन्न भू-राजनीतिक ख़तरे को टालने के लिए सोवियत संघ के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए। अलगाववादी प्रवृत्तियों और क्रांति के आह्वान का जवाब देते हुए, उन्होंने 1975 से 1977 तक आपातकाल की स्थिति लागू की, जिसके दौरान उन्होंने डिक्री द्वारा शासन किया और बुनियादी नागरिक स्वतंत्रताएं निलंबित कर दी गईं। 100,000 से अधिक राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और असंतुष्टों को कैद किया गया। उन्होंने अपने चौथे प्रधानमंत्रित्व काल में बढ़ते सिख अलगाववाद आंदोलन का सामना किया; जवाब में उन्होंने ऑपरेशन ब्लू स्टार का आदेश दिया, जिसमें स्वर्ण मंदिर में सैन्य कार्रवाई शामिल थी और सैकड़ों सिख मारे गए थे। 31 अक्टूबर 1984 को, उनके दो अंगरक्षकों ने उनकी हत्या कर दी, दोनों सिख राष्ट्रवादी थे जो मंदिर में हुई घटनाओं का बदला लेना चाहते थे। गांधी को उनके कार्यकाल के दौरान दुनिया की सबसे शक्तिशाली महिला के रूप में याद किया जाता है। हेनरी किसिंजर ने उन्हें एक "आयरन लेडी" के रूप में वर्णित किया, एक उपनाम जो उनके सख्त व्यक्तित्व के साथ जुड़ गया।



गरीबी हटाओ गांधी की 1971 की राजनीतिक बोली का गूंजता हुआ विषय था। यह नारा संयुक्त विपक्षी गठबंधन के दो-शब्द घोषणापत्र- "इंदिरा हटाओ" (इंदिरा हटाओ) के उपयोग के जवाब में विकसित किया गया था।

12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने चुनावी कदाचार के आधार पर 1971 में इंदिरा गांधी के लोकसभा चुनाव को शून्य घोषित कर दिया। उनके 1971 के प्रतिद्वंद्वी राज नारायण (जिन्होंने बाद में उन्हें 1977 के संसदीय चुनाव में रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से हराया) द्वारा दायर एक चुनाव याचिका में चुनाव प्रचार के लिए सरकारी संसाधनों के इस्तेमाल के कई बड़े और छोटे मामलों का आरोप लगाया गया था। गांधी ने सरकार में अपने एक सहयोगी अशोक कुमार सेन को अदालत में उनका बचाव करने के लिए कहा था। उन्होंने मुकदमे के दौरान अपने बचाव में सबूत दिए। लगभग चार साल बाद अदालत ने उन्हें बेईमान चुनाव प्रथाओं, अत्यधिक चुनाव खर्च और पार्टी के उद्देश्यों के लिए सरकारी मशीनरी और अधिकारियों का उपयोग करने का दोषी पाया।

अदालत ने उन्हें उनकी संसदीय सीट से वंचित करने का आदेश दिया और छह साल तक किसी भी पद के लिए चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया।

फैसले की खबर फैलने के बाद, सैकड़ों समर्थकों ने उनके घर के बाहर प्रदर्शन किया और अपनी वफ़ादारी का संकल्प लिया। यूनाइटेड किंगडम में भारतीय उच्चायुक्त ब्रज कुमार नेहरू ने कहा कि इंदिरा गांधी की सज़ा उनके राजनीतिक करियर को कोई नुकसान नहीं पहुँचाएगी। उन्होंने कहा, "श्रीमती गांधी को आज भी देश में भारी समर्थन प्राप्त है। मेरा मानना है कि भारत की प्रधानमंत्री तब तक पद पर बनी रहेंगी जब तक भारत के मतदाता कोई और फैसला नहीं कर लेते।"

गांधी ने अशांति में भाग लेने वाले अधिकांश विपक्ष की गिरफ्तारी का आदेश देकर व्यवस्था बहाल करने के लिए कदम उठाया। उनके मंत्रिमंडल और सरकार ने सिफारिश की कि तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के बाद अव्यवस्था और अराजकता के कारण आपातकाल की स्थिति घोषित करें। तदनुसार, अहमद ने 25 जून 1975 को संविधान के अनुच्छेद 352(1) के प्रावधानों के आधार पर आंतरिक अव्यवस्था के कारण आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी।

इंदिरा गांधी ने परस्पर विरोधी पार्टी सदस्यों को बदलने के लिए आपातकालीन प्रावधानों का इस्तेमाल किया:

राष्ट्रपति अहमद ने अध्यादेश जारी किए जिनके लिए संसद में बहस की आवश्यकता नहीं थी, जिससे गांधी को डिक्री द्वारा शासन करने की अनुमति मिल गई।

1980 के चुनावों से पहले इंदिरा गांधी ने उस समय जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अब्दुल्ला बुखारी से संपर्क किया और मुस्लिम वोटों का समर्थन हासिल करने के लिए 10 सूत्री कार्यक्रम के आधार पर उनके साथ एक समझौता किया। जनवरी में हुए चुनावों में, गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस (आई) भारी बहुमत के साथ सत्ता में लौटी।

1977 के चुनावों के बाद, सिख -बहुल अकाली दल के नेतृत्व में एक गठबंधन उत्तर भारतीय राज्य पंजाब में सत्ता मंथ आया। अकाली दल को विभाजित करने और सिखों के बीच लोकप्रिय समर्थन हासिल करने के प्रयास में, गांधी की कांग्रेस पार्टी ने रूढ़िवादी धार्मिक नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले को पंजाब की राजनीति में प्रमुखता दिलाने में मदद की।

1983 तक, मंदिर परिसर कई उग्रवादियों के लिए एक किला बन गया था। 23 अप्रैल 1983 को, पंजाब पुलिस के उप महानिरीक्षक एएस अटवाल को मंदिर परिसर से बाहर निकलते ही गोली मार दी गई थी। अगले दिन, हरचंद सिंह लोंगोवाल (तत्कालीन अकाली दल के अध्यक्ष) ने हत्या में भिंडरावाले की संलिप्तता की पुष्टि की। कई निरर्थक वार्ताओं के बाद, जून 1984 में, गांधी ने भारतीय सेना को भिंडरावाले और उनके समर्थकों को परिसर से निकालने के लिए स्वर्ण मंदिर में प्रवेश करने का आदेश दिया। सेना ने ऑपरेशन ब्लू स्टार नाम की कार्रवाई में टैंकों सहित भारी तोपखाने का इस्तेमाल किया। हताहतों की संख्या विवादित बनी हुई है। गांधी पर हमले का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करने का आरोप लगाया गया था। हरजिंदर सिंह दिलगीर ने कहा कि उन्होंने 1984 के अंत में होने वाले आम चुनावों को जीतने के लिए खुद को एक महान नायक के रूप में पेश करने हेतु मंदिर परिसर पर हमला किया। भारत और विदेशों में सिखों द्वारा इस कार्रवाई की तीखी आलोचना की गई। हमले के बाद सिख सैनिकों द्वारा विद्रोह की घटनाएँ भी हुईं।

31 अक्टूबर 1984 को, गांधी के दो सिख अंगरक्षकों, सतवंत सिंह और बेअंत सिंह ने , कथित तौर पर ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए, नई दिल्ली के 1 सफदरजंग रोड स्थित प्रधानमंत्री आवास के बगीचे में अपने सर्विस हथियारों से उन्हें गोली मार दी। बेअंत ने अपने बगल के हथियार का उपयोग करके उन्हें तीन बार गोली मारी; सतवंत ने 30 राउंड फायर किए। हथियार गिरा दिए और आत्म-समर्पण कर दिया। बाद में, उन्हें अन्य गार्डों द्वारा एक बंद कमरे में ले जाया गया जहां बेअंत की गोली मारकर हत्या कर दी गई अमेरिकी दिग्गज राजनीतिज्ञ हेनरी ए. किसिंजर ने इंदिरा गांधी को "लौह महिला" बताया था, एक उपनाम जो उनके सख्त व्यक्तित्व से जुड़ गया।

# बैंक ऑफ इंडिया में 115 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

बैंक ऑफ इंडिया ने स्पेशलिस्ट ऑफिसर के 115 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। उम्मीदवार 17 नवंबर से ऑफिशियल वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू:**
17 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
पद के अनुसार बी.ई/बीटेक/एमसीए/एमएससी/ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री।
Oracle सर्टिफिकेट और Oracle सर्टिफाइड प्रोफेशनल सर्टिफिकेट होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 21 साल
अधिकतम : 45 साल

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम
इंटरव्यू

**सैलरी :**
सीनियर मैनेजमेंट ग्रेड स्केल-4 : 10,2300 - 1,20,940 रुपए प्रतिमाह
मिडिल मैनेजमेंट ग्रेड स्केल-3 : 85920 - 1,05,280 रुपए प्रतिमाह
मिडिल मैनेजमेंट ग्रेड स्केल-2 : 64,820 - 93,960 रुपए प्रतिमाह

**फीस :**
एससी/एसटी पीडब्ल्यूबीडी : 175 रुपए
सामान्य, अन्य : 850 रुपए

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट Bankofindia.co.in पर जाएं।
होमपेज पर करियर टैब पर क्लिक करें।
अप्लाई ऑनलाइन के लिए आवेदन लिंक पर क्लिक करें।
रजिस्ट्रेशन करके फॉर्म भरें।
फीस का भुगतान करके फॉर्म सब्मिट कर दें।
आगे की जरूरत के लिए प्रिंटआउट लेकर रखें।

# RITES में 252 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

राइट्स लिमिटेड ने अप्रेंटिस के 252 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार राइट्स की ऑफिशियल वेबसाइट rites.com पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
17 नवंबर से 05 दिसंबर 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
ग्रेजुएट अप्रेंटिस :
उम्मीदवारों के पास चार साल की इंजीनियरिंग डिग्री (BE / B.Tech / B.Arch) होनी चाहिए। बीए, बीबीए, बी.कॉम, बी.एससी या बीसीए डिग्री होल्डर भी आवेदन कर सकते हैं।

**डिप्लोमा अप्रेंटिस :**
तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा होल्डर आवेदन कर सकते हैं।

**ट्रेड अपरेंटिस:**
उम्मीदवारों को ।T। पास-आउट होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
17 नवंबर 2025 तक न्यूनतम उम्र 18 साल

**कट ऑफ :**
सामान्य/ईडब्ल्यूएस : 60%
एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/पीडब्ल्यूबीडी : 50%

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
मेरिट बेसिस पर

**स्टाइपेंड :**
पद के अनुसार 10,000 - 14,000 रुपए प्रतिमाह

**ऐसे करें आवेदन :**
राइट्स की ऑफिशियल वेबसाइट rites.com पर जाएं।
"Apprentices Recruitment 2025" पढ़कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें।

# न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन में 122 पदों पर भर्ती

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में ट्रेड अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकली है। इस भर्ती के लिए आज से आवेदन शुरू हो रहे हैं। उम्मीदवार वेबसाइट npcilcareers.co.in पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
07 नवम्बर से 27 नवम्बर 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
जूनियर हिन्दी ट्रांसलेटर :
ग्रेजुएशन की डिग्री
डिप्टी मैनेजर :
पीजी, एमबीए, एलएलबी या सीए की डिग्री।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 21 साल
अधिकतम : 30 साल

**सैलरी :**
पद के अनुसार 35,400 - 56,100 रुपए प्रतिमाह
अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**फीस :**
डिप्टी मैनेजर : सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस : 500 रुपए
जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर : 150 रुपए
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग : नि:शुल्क

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट npcilcareers.co.in पर जाएं।
करियर बटन पर क्लिक करने के बाद Registration Form लिंक पर क्लिक करें।
GATE 2023/2024/2025 डिटेल्स के साथ रजिस्ट्रेशन करें।
जरूरी डिटेल्स दर्ज करके डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
फॉर्म सब्मिट करें। इसका प्रिंट आउट लेकर रखें।


रॉयल पत्रिका

जयपुर से प्रकाशित होने वाले हिंदी अख़बार "रॉयल पत्रिका" साप्ताहिक में आप वैवाहिक, मकान बेचना है, मकान खरीदना है, इत्यादि के विज्ञापन देकर अपना वक़्त बचा सकते हैं। यह विज्ञापन बहुत ही रियायती रेट में छापे जाते हैं। विज्ञापन बुक करवाने के लिए संपर्क करें -

9772552446/9799559096


# RRB में 2569 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

## -31 अक्टूबर से आवेदन शुरू, एज लिमिट 33 साल

रेलवे भर्ती बोर्ड में आरआरबी जूनियर इंजीनियर, डीएमएस और सीएमए भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। आवेदन प्रक्रिया 31 अक्टूबर 2025 से शुरू होगी। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट indianrailways.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। उम्मीदवारों को फॉर्म में करेक्शन करने के लिए 03 दिसंबर से 12 दिसंबर तक का समय दिया जाएगा।

आवेदन शुरू 31 अक्टूबर 2025
लास्ट डेट 30 नवंबर 2025

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
सिविल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय डिप्लोमा या बीई/बीटेक की डिग्री
डिपॉट मटेरियल सुपरिंटेंडेंट : किसी भी इंजीनियरिंग क्षेत्र में 3 वर्षीय डिप्लोमा
केमिकल एंड मेटालर्जिकल असिस्टेंट : फिजिक्स, केमिस्ट्री के साथ बीएससी

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 33 साल
एसटी/एससी : 5 साल की छूट
ओबीसी : 3 साल की छूट
पीडब्ल्यूडी : 10 साल की छूट

**फीस :**
सामान्य, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी : 500 रुपए
एससी, एसटी, महिला, दिव्यांग : 250 रुपए

**सैलरी :**
35400 रुपए प्रतिमाह
अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**एग्जाम पैटर्न :**
सीबीटी-1 : सब्जेक्ट :
गणित, सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क, सामान्य जागरूकता और सामान्य विज्ञान
क्वेश्चन टाइप : एमसीक्यू
मार्क्स : 100
ड्यूरेशन : 90 मिनट
नेगेटिव मार्किंग : एक-तिहाई अंक
सीबीटी- 2 :
क्वेश्चन टाइप : एमसीक्यू
क्वेश्चन नंबर : 150

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट indianrailways.gov.in पर जाएं।
होमपेज पर अप्लाई ऑनलाइन के लिंक पर क्लिक करें।
न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल्स दर्ज करें।
रजिस्ट्रेशन होने के बाद लॉग इन करें।
फीस (यदि लागू हो) जमा करें।
फॉर्म का प्रिंटआउट निकाल कर रखें।

# आवश्यकता


सेनेटरी और लाइटिंग के शोरूम के लिए कस्टमर हैंडल करने के लिए स्टाफ की जरूरत है!
महिला पुरुष दोनों अप्लाई कर सकते हैं एक्सपीरियंस वाले को प्राथमिकता दी जाएगी थोड़ी बहुत इंग्लिश समझ ले कस्टमर सर्विस का अनुभव हो जो कस्टमर को अच्छे से मैनेज कर सके! जॉब लोकेशन : अजमेर रोड और मानसरोवर मेट्रो स्टेशन : जयपुरपगार : 18 से ₹24,000 तक
HR @ इरफान अख्तर 98287 33222

पैटर्न मास्टर स्टाफ की जरूरत है जिसको कटिंग का काम भी आता हो
जॉब लोकेशन : सोडाला
सैलरी 30K से ₹ 50,000
इसी फैक्ट्री में प्रोडक्शन मैनेजर की भी जरूरत है
सैलरी 20 से 30 हजार
Call @ 9828733222

ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए महिला फिमेल स्टाफ कोऑर्डिनेटर की जरूरत है इनकी इंग्लिश कम्युनिकेशन बहुत अच्छी हो, ज्वेलरी फील्ड का एक्सपीरियंस भी हो जिनको !
सैलरी : 25 से ₹40,000 तक
जॉब लोकेशन महापुरा और सीतापुरा जयपुर
HR @ 9828733222

फर्नीचर के काम करने वाले कारपेंटर, कारीगर और स्टाफ की जरूरत है
98287 33222
सैलरी : अनुभव हुआ काम देखने के बाद डिसाइड की जाएगी !

We Are Looking For – 3 Corel Jewellery Designer
Company Location: Mahapura, Jaipur
Experience Required: 1-3 Years
Salary: Up to ₹35,000 CTC Per month
कंपनी की तरफ से पिकअप & Drop फैसिलिटी अवेलेबल है
HR Irfan Akthar 9828733222

Urgent Requirement
(3 To 5 CCTV Camera Technician And 2 Computer Hardware & Networking Supporting Engg. )
जॉब लोकेशन : जयपुर
सैलरी 12 से ₹ 30,000
HR @ Irfan 9828733222

A Beautiful And Awesome Office Space Available In Adarsh Nagar Just in ₹ 4000 To 8000 Only. ( Boss Cabin Available ).
All Basic Amenities Are Absolutely Free With the Office Cabin
 Location @ Adarsh Nagar Jaipur
@ 9828733222

फैशन डिजाइनर स्टाफ की जरूरत है इसको मर्चेंडाइजिंग का अनुभव हो क्लाइंट्स वगैरह को मैनेज कर ले !
फीमेल स्टाफ अप्लाई करें !
इसी कंपनी में CRM स्टाफ की भी जरूरत है !
जॉब लोकेशन : सोडाला, सिविल लाइन, अजमेर रोड जयपुर
सैलरी 30 से ₹ 40- 50000 तक
Call HR @ Irfan 9828733222

कोई मिलने वाले खान साहब ( नदीम साहब - +91 89529 95291) है जिन्हें रफ से घाट, तावड़े , पोटे , और कारविन और टेबल का काम बखूबी तौर पर आता है
अल्हम्दुलिल्लाह 25 से 30 साल का इनका काम का अनुभव है, चार दरवाजा जयपुर में रहते हैं,
अगर किसी की नजर में उनके लिए कोई काम हो तो बराये मेहरबानी कांटेक्ट करें, अल्हम्दुलिल्लाह बहुत बेहतरीन कारीगर है!
लिमरा फाउंडेशन
9828733222

लेडिस कपड़ों की शोरूम में महिला व पुरुष सेल्समैन व हेल्पर स्टाफ की जरूरत है!
जॉब लोकेशन चौड़ा रास्ता व सांगानेरी गेट/ सोडाला जयपुर
सैलरी : इंटरव्यू और अनुभव के अनुसार
अनुभवी स्टाफ को प्राथमिकता दी जाएगी !
9 से 11 घंटे की ड्यूटी हो सकती है
कॉल करें : HR 9828733222
निशुल्क जॉब उपलब्ध है

बहुत अर्जेंट यह सभी स्टाफ चाहिए है
CAD डिजाइनर
मैन्युअल डिजाइनर
कोरल डिजाइनर
Z ब्रश डिजाइनर के डिजाइनर जिसको सॉफ्टवेयर चलाना आता आता हो, सैलरी 20K से ₹50,000 तक जॉब लोकेशन जगतपुरा / मालवीय नगर / सीतापुरा Call HR @ 9828733222
https://chat.whatsapp.com/JxA231MGtsyK5vVkGk6WOI
Male/Female Both Can Apply


# प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

**(पिछले अंक से जारी)** **(रणनीति)**

प्रश्न 26. चीनी यात्री ह्वेनसांग भारत किसके शासनकाल में आया?
(A) समुद्रगुप्त (B) हर्षवर्धन
(C) स्कंदगुप्त (D) चंद्रगुप्त द्वितीय
उत्तर: (B)
व्याख्या: ह्वेनसांग हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आया और उसने 'सी-यू-की' नामक यात्रा-वृत्त लिखा।

प्रश्न 27. दक्षिण भारत का पहला साम्राज्य कौन-सा था?
(A) चोल (B) पांड्य
(C) सातवाहन (D) चेर
उत्तर: (C)
व्याख्या: सातवाहन वंश दक्षिण भारत का पहला प्रमुख साम्राज्य था, जिसकी राजधानी प्रतिष्ठान (पैठण) थी।

प्रश्न 28. संगम साहित्य किस भाषा में लिखा गया है?
(A) संस्कृत (B) पाली
(C) तमिल (D) तेलुगु
उत्तर: (C)
व्याख्या: संगम साहित्य तमिल भाषा में लिखा गया है, जो दक्षिण भारत के प्राचीन समाज और संस्कृति का दर्पण है।

प्रश्न 29. चालुक्य वंश की राजधानी कहाँ थी?
(A) बादामी (B) पत्तदकल
(C) अइहोल (D) कांची
उत्तर: (A)
व्याख्या: चालुक्य वंश की राजधानी बादामी (वातापी) थी, जिसे पुलकेशिन द्वितीय ने प्रसिद्ध बनाया।

प्रश्न 30. अजन्ता की गुफाएँ किस धर्म से संबंधित हैं?
(A) जैन (B) बौद्ध
(C) हिन्दू (D) वेदांत
उत्तर: (B)
व्याख्या: अजन्ता की गुफाएँ बौद्ध धर्म से संबंधित हैं, जिनमें बुद्ध के जीवन की घटनाओं पर आधारित भित्तिचित्र हैं।

प्रश्न 31. 'कालिदास' किस राजा के दरबार में थे?
(A) समुद्रगुप्त (B) चंद्रगुप्त द्वितीय (C) हर्षवर्धन
(D) कुमारगुप्त
उत्तर: (B)
व्याख्या: कालिदास चंद्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के दरबार के नवरत्नों में से एक थे।

प्रश्न 32. 'मेहरौली लौह स्तंभ' किससे संबंधित है?
(A) मौर्य काल (B) गुप्त काल
(C) हर्ष काल (D) शुंग काल
उत्तर: (B)
व्याख्या: मेहरौली का लौह स्तंभ गुप्त कालीन धातु विज्ञान की उत्कृष्टता का उदाहरण है, जो आज भी जंग-रहित है।

प्रश्न 33. 'बख्शाली पाण्डुलिपि' किस विषय से संबंधित है?
(A) ज्योतिष (B) गणित
(C) धर्म (D) चिकित्सा
उत्तर: (B)
व्याख्या: बख्शाली पाण्डुलिपि गणित विषय पर आधारित है और इसमें शून्य का उपयोग सबसे पहले पाया गया।

प्रश्न 34. पंचतंत्र के लेखक कौन हैं?
(A) कालिदास (B) विष्णु शर्मा
(C) वात्स्यायन (D) बाणभट्ट
उत्तर: (B)
व्याख्या: विष्णु शर्मा ने पंचतंत्र की रचना की, जिसमें नीति कथाएँ और शिक्षाप्रद कहानियाँ हैं।

प्रश्न 35. नालंदा विश्वविद्यालय को किसने नष्ट किया था?
(A) महमूद गजनवी
(B) बख्तियार खिलजी
(C) इल्तुतमिश
(D) मोहम्मद बिन कासिम
उत्तर: (B)
व्याख्या: 1193 ई. में बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय को नष्ट कर दिया था।

प्रश्न 36. 'महाबलीपुरम' के शिल्प और मंदिर किस वंश के शासनकाल में बने थे?
(A) चोल (B) पल्लव
(C) पांड्य (D) राष्ट्रकूट
उत्तर: (B)
व्याख्या: महाबलीपुरम के प्रसिद्ध रथ और गुफा मंदिर पल्लव शासक नरसिंहवर्मन प्रथम (मामल्ल) के काल में निर्मित हुए।

प्रश्न 37. पल्लव वंश की राजधानी कहाँ थी?
(A) कांचीपुरम (B) तंजावुर
(C) मदुरै (D) त्रिचिनोपल्ली
उत्तर: (A)
व्याख्या: पल्लवों की राजधानी कांचीपुरम थी, जो शिक्षा और स्थापत्य कला का प्रमुख केंद्र था।

प्रश्न 38. तंजावुर का बृहदेश्वर मंदिर किसने बनवाया था?
(A) राजराज चोल (B) कुलोत्तुंग चोल (C) अपराजित चोल
(D) रजेंद्र चोल
उत्तर: (A)
व्याख्या: तंजावुर का बृहदेश्वर मंदिर राजराज चोल प्रथम ने बनवाया था, यह द्रविड़ स्थापत्य का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**-डॉ. एम . ए. खान**
**प्रोफेसर (भूगोल)**

# प्रदूषण में घर के अंदर कैसे सुरक्षित रहें, जब घर के भीतर भी वही जहरीली हवा घुस रही है?



दिल्ली-एनसीआर में हवा लगातार खराब होती जा रही है। AQI कई बार 400–500 के पार चला जाता है। ऐसे माहौल में लोग समझते हैं कि घर के अंदर रहना सुरक्षित है, बच्चे बाहर न जाएं तो सेहत बची रहेगी, स्कूलों को ऑनलाइन कर देना ही बेहतर है। लेकिन असल सवाल यही है—जब बाहर की हवा ज़हरीली है तो क्या घर के अंदर हम सचमुच सुरक्षित हैं? और अगर वही हवा खिड़कियों और दरवाज़ों से आपके कमरों में घुस रही है, तो फिर घर में रहने का फायदा क्या? इसी भ्रम को दूर करते हुए डॉक्टर कुनाल बहरानी (चेयरमैन एवं ग्रुप डायरेक्टर, न्यूरोलॉजी, यथार्थ अस्पताल, फरीदाबाद) बताते हैं कि प्रदूषण सिर्फ आउटडोर का मसला नहीं है, बल्कि इनडोर में भी उतना ही खतरनाक है। कई बार तो घर के अंदर की हवा बाहर से भी ज्यादा दूषित पाई जाती है।

**घर के अंदर भी क्यों मौजूद रहती है ज़हरीली हवा?**

डॉक्टर के अनुसार, बाहर की हवा में मौजूद PM2.5 और PM10 जैसे सूक्ष्म कण इतने छोटे होते हैं कि वे: खिड़कियों के रंध्रों से, दरवाज़ों के गैप से, वेंटिलेशन स्पेस से, यहां तक कि एसी के फ़िल्टर से भी आराम से अंदर आ जाते हैं। यानी आप चाहे जितनी कोशिश कर लें, घर और बाहर की हवा पूरी तरह अलग नहीं हो सकती।

इतना ही नहीं, घर के अंदर भी अनेक सोर्स ऐसे हैं जो प्रदूषण को और बढ़ा देते हैं— किचन में गैस चूल्हा, अगरबत्ती,, धूप, मोमबत्ती, धूल और मिट्टी, पेंट, फर्नीचर से निकलने वाले कैमिकल्स, पालतू जानवरों की डेंडर, ह्यूमिडिटी बढ़ने पर फफूंद (mold) जब बाहर की गंदी हवा और घर के अंदर के ये सभी प्रदूषक मिल जाते हैं, तो इनडोर एयर क्वालिटी कई गुना खराब हो जाती है। बंद कमरों में जहां हवा का सर्कुलेशन कम होता है, वहां ये कण कई-कई घंटे तक रुके रहते हैं। इससे न सिर्फ सांस, बल्कि दिमाग पर भी लगातार बुरा असर पड़ता है।

**इनडोर प्रदूषण का दिमाग पर सीधा हमला**

डॉक्टर बहरानी बताते हैं कि इनडोर एयर पॉल्यूशन सिर्फ फेफड़ों को नहीं, बल्कि ब्रेन हेल्थ को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। नर्व इन्फ्लेमेशन: अल्ट्रा-फ़ाइन पार्टिकल्स खून के जरिए दिमाग तक पहुंच जाते हैं और न्यूरॉन में सूजन पैदा करते हैं। इससे: सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, माइग्रेन, थकान जैसी शिकायतें बढ़ जाती हैं।

कॉग्निटिव स्लोडाउन: अध्ययन बताते हैं कि प्रदूषण से: IQ कम होता है मेमोरी कमजोर होती है, फोकस घटता है, बच्चे और बुजुर्ग जल्दी प्रभावित होते हैं, यानी सोचने और फैसला लेने की क्षमता पर भी असर पड़ता है।

हार्मोनल बदलाव और मूड समस्याएं: प्रदूषित हवा शरीर के स्ट्रेस हार्मोन को बढ़ाती है, जिससे:
एंग्ज़ायटी, मूड स्विंग्स, नींद में कमी, जैसी परेशानियां सामने आती हैं।

खतरनाक न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का जोखिम: लंबे समय तक खराब हवा से संपर्क रहने पर: अल्जाइमर, पार्किंसन जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**क्या वाकई घर के अंदर रहना सुरक्षित है?**

डॉक्टर के अनुसार, घर का अंदरूनी माहौल तभी सुरक्षित बन सकता है जब आप इनडोर एयर को साफ करने के लिए उचित इंतज़ाम करें। यहां सबसे प्रभावी तरीका है— HEPA + Activated Carbon फ़िल्टर वाला एयर प्यूरीफायर। इसे रोज़ कम से कम 8–10 घंटे चलाना चाहिए। यह बाहर से आने वाले PM2.5, धूल, गैस, कैमिकल्स और स्मोक को फिल्टर करता है।

# करियर क्लैरिटी: BA के बाद किस दिशा में जाएं और कौन-से कोर्स आपके जॉब चांस बढ़ाएंगे




BA यानी बैचलर ऑफ आर्ट्स एक ऐसा कोर्स है जो करियर के काफी रास्ते खोलता है। बहुत से स्टूडेंट BA के बाद कंफ्यूजन में रहते हैं कि क्या करना चाहिए, कौन-सी जॉब मिल सकती है और किस तरह की स्किल्स सीखकर आगे बढ़ा जा सकता है। अगर आपका सब्जेक्ट सोशियोलॉजी है, तो यह आपके लिए और भी ज़्यादा फायदेमंद है क्योंकि यह विषय समाज, लोगों और उनके व्यवहार से जुड़ा होता है, जो कई करियर फील्ड्स में काम आता है। आज के समय में BA के बाद सिर्फ डिग्री ही काफी नहीं, बल्कि सही स्किल्स और सही दिशा में तैयारी ज्यादा मायने रखती है। इसलिए आइए समझते हैं कि BA के बाद कौन-सी नौकरियों के लिए आप अप्लाई कर सकते हैं, कौन-से शॉर्ट टर्म कोर्स आपके लिए फायदेमंद रहेंगे और अगर आप टीचर बनना चाहते हैं, तो क्या तैयारी करनी होगी।

**BA के बाद किन नौकरियों के लिए अप्लाई कर सकते हैं?**

BA के बाद आप कई तरह की जॉब्स के लिए आवेदन कर सकते हैं, जैसे–

सोशल मीडिया एक्ज़िक्यूटिव: अगर आपको सोशल मीडिया चलाना, पोस्ट बनाना या क्रिएटिव आइडिया सोचना पसंद है, तो यह प्रोफाइल आपके लिए अच्छा है।

कंटेंट राइटर / कंटेंट क्रिएटर: आज हर कंपनी को कंटेंट की जरूरत है—ब्लॉग, सोशल मीडिया, वीडियो स्क्रिप्ट, न्यूज आर्टिकल आदि। सोशियोलॉजी बैकग्राउंड के कारण आप समाज से जुड़े मुद्दों पर अच्छा लिख सकते हैं, जिससे आपकी स्किल और मूल्यवान हो जाती है।

डेटा एनालिस्ट (बेसिक लेवल): अगर आप थोड़ा-बहुत एक्सेल, गूगल शीट्स और डेटा एनालिसिस टूल सीख लेते हैं, तो शुरुआती पदों पर आप डेटा एनालिस्ट की भूमिका में भी जा सकते हैं।

**डिजिटल मार्केटिंग असिस्टेंट**

यह आज की सबसे तेजी से बढ़ने वाली इंडस्ट्री है। कंपनियों को डिजिटल मार्केटिंग की जरूरत होती है—SEO, सोशल मीडिया Ads, गूगल Ads, ईमेल मार्केटिंग आदि।

HR असिस्टेंट / काउंसलर: सोशियोलॉजी का बैकग्राउंड होने की वजह से आप मानव व्यवहार और समाज को समझते हैं, इसलिए HR और काउंसलिंग में भी आपके लिए अच्छा भविष्य है।

NGO सेक्टर और सोशल वर्क जॉब्स: BA + सोशियोलॉजी के लिए यह एक बेहद मजबूत करियर विकल्प है।

**BA के बाद ये शॉर्ट टर्म कोर्स ज़रूर करें**

यह कोर्स आपकी स्किल्स बढ़ाते हैं और नौकरी मिलने की संभावना भी दोगुनी कर देते हैं।

डेटा एनालिटिक्स कोर्स: Excel, Power BI, Google Data Analytics, इन टूल्स को सीखकर आप शुरुआती डेटा जॉब्स पा सकते हैं।

डिजिटल मार्केटिंग कोर्स: SEO, SEM, कंटेंट मार्केटिंग, सोशल मीडिया, गूगल एड्स सब सीख सकते हैं।

SEO (सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन): कंटेंट राइटिंग और वेबसाइट रैंकिंग दोनों में मदद करता है।

कंटेंट क्रिएशन / कंटेंट राइटिंग: अगर आप मीडिया, जर्नलिज्म या सोशल प्लेटफॉर्म्स पर करियर चाहते हैं, तो यह बहुत फायदेमंद है।

**फ्री और पेड प्लेटफॉर्म जहां आप यह कोर्स कर सकते हैं**

Coursera.org – Google, Meta, IBM के प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स
Udemy.com – कम कीमत में अच्छे कोर्स
Google.com – Google Digital Garage के फ्री कोर्स
Microsoft.com – Excel और Analytics के फ्री ट्रेनिंग

इंटर्नशिप कहां मिल सकती है?

आप सोशल मीडिया, कंटेंट राइटिंग, PR और डिजिटल मार्केटिंग की इंटर्नशिप इन जगहों से कर सकते हैं Internshala, Naukri.com, LinkedIn, विभिन्न PR एजेंसियां और मार्केटिंग फर्म, इंटर्नशिप आपको प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस देती है और बाद में जॉब पाना आसान हो जाता है।

# फर्स्ट ग्रेड स्कूल लेक्चरर बनने पर मकसूद काज़ी का भव्य सम्मान



सुजानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। कॉम-ए-काज़ीयान द्वारा बंगाली बाबा तकिया परिसर सुजानगढ़ में एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें फर्स्ट ग्रेड स्कूल लेक्चरर बने मकसूद काज़ी बल्द मास्टर दाउद काज़ी का समाजजन द्वारा गर्मजोशी से सम्मान किया गया। समारोह में मकसूद काज़ी को साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। समाज के लोगों ने उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि को सामूहिक गर्व का क्षण बताया। इस अवसर पर शहर काज़ी मोहम्मद अकरम रिज़वी ने अपने संबोधन में कहा—इल्म से बड़ा कोई ज़ेवर नहीं और मेहनत से बड़ी कोई इबादत नहीं। मकसूद काज़ी ने साबित किया है कि लगन, सब्र और निरंतर प्रयास से हर मुक़ाम पाया जा सकता है। मैं सुजानगढ़ के सभी युवाओं से अपील करता हूँ कि वे शिक्षा को अपना हथियार बनाएं। इल्म इंसान को रौशन करता है, सशक्त बनाता है और समाज को नई दिशा देता है। युवाओं को चाहिए कि वे मोबाइल और सोशल मीडिया से ज़्यादा समय किताबों और ज्ञान में लगाएं, क्योंकि आने वाला दौर सिर्फ़ 'काबिलियत' को सलाम करेगा। कार्यक्रम में मस्जिद कुतुबुल मदार के इमाम फज़ले हक, कॉम-ए-काज़ीयान के सदर मुमताज़ काज़ी, मास्टर दाऊद काज़ी, अकरम मास्टर, समीर खान खोखर, कोषाध्यक्ष इल्मुद्दीन अगवान, इंजीनियर इरफान काज़ी, जीत मोहम्मद काज़ी, मुहम्मद शकील काज़ी, सलम अगवान, हाकम अली, अब्दुल मनान गौरी, मास्टर इदरीश भाटी, मुख्तियार काज़ी, रामनिवास गुर्जर, पार्षद इकबाल खान (बबलू), असगर मास्टर, अब्दुल अज़ीज़ अगवान, फरहान काज़ी, खालिद रजा, रईस मास्टर, आबीद अगवान, हसनैन काज़ी, सोयल अगवान, असलम मास्टर, रब्बानी भाटी, नदीम अगवान, अरबाज़ चौहान, हसन काज़ी, मोहम्मद काज़ी, तोहिद अगवान, राशिद काज़ी, यूनुस अगवान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पेस स्पेस बॉक्स क्रिकेट खेल मैदान का उद्घाटन डॉ. एम एम पुकार ने किया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर रतनगढ़ रोड नर्मदा फार्म हाउस के पास रविवार को डॉ. एम एम पुकार के द्वारा फीता काटकर एवं क्रिकेट बॉल खेल कर पेस स्पेस बॉक्स क्रिकेट का उद्घाटन किया गया। आपने कहा यह शहर व आस-पास के क्षेत्र के लिए क्रिकेट प्रेमियों के लिए शानदार सौगात हाईटेक नाइट विजन उपकरण से सुसज्जीत है। ओर पेस स्पेस बॉक्स क्रिकेट एक तेज और रोमांचक खेल है जो छोटे मैदानों में खेला जाता है यह पारंपरिक क्रिकेट का एक छोटा और तेज संस्करण है जिसमें 6 से 8 खिलाड़ियों की टीमें होती है खेल का उद्देश्य रन बनाना और विरोधी टीम को आउट करना होता है। उद्घाटन से पहले मुख्य अतिथि चूरू मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एम एम पुकार एवं डॉ. अहसान गोरी का फूल मालाओं से स्वागत किया जीसमे इमरान खान, आसिफ खान, अजीज खान, तनवीर खान, शौकत खान एडवोकेट, मनवर खान रिटायर्ड थानेदार, समीर खान, जब्बार खान, आबिद खान आदि उद्घाटन मैच मेडिकल कॉलेज वर्सिज लीजेंड क्रिकेटर चूरू मैं खेला गया। मेडिकल टीम की तरफ से डॉ. महेश पुकार, डॉ. दीपक चौधरी, डॉ. मनफूल, डॉ. नदीम, अनिल शर्मा, वेद प्रकाश खींची, नदीम एवं लीजेंड क्रिकेट टीम की तरफ से अफजल खान, लियाकत खान, अजीज खान, अल्ताफ गोरी, आरिफ मोयल, दोनों टीम के बीच खेला गया। मैच रोमांचक रहा।

## अभिषेक सुराणा ने वीसी के जरिए एसआईआर—2026 को लेकर सभी ईआरओ को दिए निर्देश

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने रविवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए एसआईआर—2026 को लेकर प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी ईआरओ को समुचित निर्देश दिए। उन्होंने सभी ईआरओ को परिगणना प्रपत्रों को संग्रहित एवं डिजिटाईजेशन कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ईआरओ से कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को आवश्यक रूप से गणना प्रपत्र भरने के लिए जागरूक करें तथा जानकारी दें कि कोई भी मतदाता दो अलग-अलग स्थानों से दो गणना प्रपत्र नहीं भरे, यह दण्डनीय अपराध है तथा ऐसा करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-31 के तहत सजा आरै जुर्माने की कार्यवाही की जा सकती है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्वेता कोचर ने एसआईआर—2026 अंतर्गत प्रचार—प्रसार, मतदाता जागरूकता गतिविधियों को लेकर निर्देश दिए।

# डॉ. चन्द्रेश कुमार छतलानी को सनशाइन इंस्पायरिंग मैन अवॉर्ड 2025



उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। शिक्षा, तकनीकी नवाचार एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजस्थान विद्यापीठ के डॉ. चन्द्रेश कुमार छतलानी को सनशाइन ऑफ इंडिया संस्था द्वारा सनशाइन इंस्पायरिंग मैन अवॉर्ड–2025 प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज के प्रति उनकी निरंतर सेवाओं, प्रेरणादायी व्यक्तित्व और सकारात्मक परिवर्तन के प्रयासों के लिए दिया गया। सम्मान पत्र प्रदान करते हुए संस्था की संस्थापक रेखा हिसार ने कहा कि डॉ. छतलानी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी विकास, और समाजहित के प्रति समर्पण का अनूठा उदाहरण हैं। उनकी निष्ठा, सेवा और मानवीय दृष्टिकोण अनेक लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। पुरस्कार प्रमाणपत्र में डॉ. छतलानी के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें ईमानदारी, करुणा और सकारात्मक बदलाव के चमकते प्रतीक के रूप में वर्णित किया गया है। उनकी पहल ने शिक्षा और डिजिटल विकास को आम लोगों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. छतलानी ने इस सम्मान के लिए संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार समाज हित के लिए उनके प्रयासों को और आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगा। छतलानी 25 से अधिक वर्षों के अनुभव को शिक्षा, तकनीक, शोध और साहित्य- इन सभी क्षेत्रों में समाज के हित में उपयोग कर रहे हैं। अब तक 150 से अधिक सॉफ़्टवेयर/वेब एप्लिकेशन और स्कूली बच्चों के लिए 50 से अधिक खेल आधारित ऑनलाइन शिक्षा के वेब पेज बना कर कार्यों को सरल और पारदर्शी बनाने में योगदान दिया है। तकनीकी विषयों और साहित्यिक विषयों पर शोध कार्यों के माध्यम से नवाचारों को आगे बढ़ाना और अपनी लघुकथाओं व कविताओं के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्त कर निरंतर सकारात्मकता फैला रहे हैं।

# मोहसिन खत्री के नेतृत्व में किया बीएलओ का सम्मान

**मोहम्मद यासीन**



पाली (रॉयल पत्रिका)। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के तहत वार्ड संख्या 30 में नियुक्त बीएलओ द्वारा 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं के गणना पत्र भरवाने तथा उन्हें समय पर डिजिटेलेशन करवाने के इस सराहनीय कार्य को देखते हुए वार्ड के पूर्व पार्षद मोहसिन खत्री के नेतृत्व में सुपरवाइजर नरपतसिंह राजपुरोहित, बीएलओ अशोक चौधरी, गौतम जोशी, अमृत जीनगर, राजेंद्रसिंह का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत कर हौसला-अफ़ज़ाई की। पूर्व पार्षद मोहसिन खत्री ने बताया कि बीएलओ द्वारा किए जा रहे नियमित भ्रमण और जनसंपर्क से आमजन में मतदाता सूची सुधार प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ी है और अधिकाधिक लोगो ने अपने गणना पत्र भरकर जमा कराए। पूर्व मनोनीत पार्षद आमीन अली रंगरेज ने कहा कि मतदाता सूची को सटीक व अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चल रहे इस अभियान में सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आप भी अपना गणना पत्र अवश्य भरें और BLO को जमा करें। इस अवसर पर वार्ड के मोहसिन खत्री, आमीन अली रंगरेज, मुस्ताक गोरी, जावेद गौरी, इरफान अंसारी, असगर खत्री, सुब्हान अंसारी, गुल्लू भाई, आसिफ मेवाफरोश, अय्यूब रंगरेज, इरफान हैरी, साहिल मोम सहित दर्जनों वार्डवासी मौजूद रहे।

# रमीला मेघवाल कांग्रेस जालौर जिला अध्यक्ष घोषित, कार्यकर्ताओं में खुशी



सांचौर (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस ने जालौर जिला अध्यक्ष पद पर महिला चेहरा रमीला मेघवाल को अवसर दिया है इस पद पर मेघवाल समाज पर कांग्रेस ने दाव खेलकर रानीवाड़ा विधानसभा व सांचौर विधानसभा क्षेत्र के संतुलन को बनाए रखने का प्रयास किया है। सुखराम बिश्नोई व रतन देवासी के नेताओं की नजर अध्यक्ष पद पर थी लेकिन पार्टी ने एन वक्त पर एक अनुसूचित जाति के शिक्षक महिला वर्ग को आगे करके गुटबाजी समाप्त करने का प्रयास किया और दलित वर्ग को पूर्ण पार्टी के साथ जोड़ने का प्रयास करके आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया है कांग्रेस के इस फैसले की मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। स्वर्ण व ओबीसी वर्ग के महत्याकांशी नेताओं को धक्का लगा है। जबकि पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई खेमे की तरफ से सोशल मीडिया पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है लंबे समय से जालौर में कांग्रेस गुटबाजी में खींचतान हो रही थी जिसको देखते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मेघवाल समाज पर एक बार फिर भरोसा जताकर जिला अध्यक्ष पद पर रमीला मेघवाल को घोषित किया गया।

# रेहाना रियाज़ चिश्ती का ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में किया अभिनन्दन



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में नव नियुक्त एआईसीसी सचिव व महाराष्ट्र सह प्रभारी रिहाना रियाज चिस्ती का कांग्रेसजनों ने किया स्वागत। चूरू के युवा लोकप्रिय सांसद राहुल कस्वां व प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने नव नियुक्त सचिव व सह प्रभारी रिहाना रियाज का साफा, शॉल व गुलजस्ता भेंट कर अभिनन्दन किया। सांसद कस्वां ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने आपको समय समय पर अनेक जिम्मेवारिया देकर चूरू को गौरवानित किया है। निश्चित ही इससे पार्टी में नई उर्जा का संचार होगा। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने कहा कि रिहाना रियाज को वर्षो से संगठन में कार्य करने का जो अनुभव है उससे पार्टी को संबल मिलेगा और हमारी एकजुटता से ही भाजपा के होसले परस्त होगे। अपने स्वागत कार्यक्रम में रिहाना रियाज ने कहा पार्टी का प्रदेश नेतृत्व हो या राष्ट्रीय नेतृत्व जो जिम्मेदारी मुझे दी जाती रही है उसको लगन और महनत से करने का पुरा प्रयास किया है। अब हमसब मिलकर एकजुटता के साथ प्रदेश व देश में फिडकापरस्त पार्टी भाजपा को बेनकाब कर आमजन को राहत दिलाने का कार्य करेगे। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, पं.स. प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, किसान नेता आदूराम न्यौल, मोहम्मद हुसैन निर्बाण, रमजान खां, कमला पुनियां, आशाराम सैनी, सुनिता कपुरिया, योगेश ढाका,नारायण बालाण, हेमन्त सिहाग, हर्ष लाम्बा, शेर खां मलखाण, सुरेन्द्र ढण्ड, सोहनलाल मेघवाल, लालाचंद सैनी, दीपिका सोनी, ज्योती सिंह, बालीबाई, जयचंद मेघवाल, सुरेश फोगावट अजीज खा, संजय भाटी, आरिफ रिसालदार, तोफिक खान, समीउल्लाह, जाफर खां, बाबूमंत्री, सलीम पीए, सोयल डीके, तारिख नागौरी, नौमान सयैद, विनोद खटीक, गोकुल शर्मा, अनीस खान, सहित सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान को लेकर इंसानियत एकता समिति की बैठक संपन्न



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित भाईजी चौक राणाजी के नोहरे में इंसानियत एकता सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान चलाने व शिक्षा के प्रति जागरूकता मुहिम शुरू करने को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अकबर खान ने की। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि समिति की तरफ से दिसम्बर माह के दूसरे सप्ताह से रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत चूरू शहर सहित शेखावाटी के सभी शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर असहाय व जरूरतमंद लोगों को कम्बल व ऊनी वस्त्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर, कोट, जुराब, जूते आदि भी वितरित किए जाएंगे। सहायक सचिव डॉ. शाहरुख खान आसलसर ने बताया कि समिति की ओर से शिक्षा को बढ़ावा देने तथा सामाजिक कुरीतियों और शादियों में होने वाली फिजूलखर्ची के खिलाफ मुहिम चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष महमूद अली राणा, उपाध्यक्ष अध्यापक वसीम अली, सहायक सचिव डॉ. शाहरुख खान आसलसर, मो.रफीक राजगढ़िया, गुलाम हुसैन गौरी, सुलेमान मनीहार, नौशाद खान, अयूब खान, हनीफ खान, दानिश पठान, समीर खान आदि समिति के पदाधिकारीगण मौजूद रहे। संचालन मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने किया व्यवस्थापक जाफर खान ने सभी का आभार जताया।

# 'सृजन 2025' बीडीएस ओरिएंटेशन डे पर गीतांजली ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल का प्रेरणादायी संबोधन



उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर में बीडीएस की 12वीं बैच के लिए 'सृजन 2025' ओरिएंटेशन डे का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और इनवोकेशन सेरेमनी से हुई, जिसने पूरे माहौल में सकारात्मक ऊर्जा और शुभारंभ की पवित्रता भर दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रिंसिपल डॉ. बालाजी मनोहर ने विद्यार्थियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए कॉलेज के नियम-विनियम, शैक्षणिक अनुशासन, एंटी-रैगिंग पॉलिसी और संस्थान की उच्च शैक्षणिक परंपराओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य सिर्फ कुशल डॉक्टर तैयार करना ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण ज़िम्मेदार नागरिक बनाना भी है। इस अवसर पर अंकित अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2014 से गीतांजली डेंटल एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने बताया कि— जीडीआरआई से अब तक 500+ अंडरग्रेजुएट तथा 30+ पोस्टग्रेजुएट विद्यार्थी सफलतापूर्वक निकलकर देश–विदेश में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। संस्थान डिजिटल डेंटिस्ट्री, AI आधारित डायग्नोसिस, CAD/CAM सिस्टम, 3D प्रिंटिंग जैसी उन्नत तकनीकों को भी अपने शिक्षण में जल्द शामिल करने की और अग्रसर हैं| गीतांजली कैंपस के स्मार्ट क्लासरूम, विकसित आउटडोर स्टेडियम तथा निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम छात्र विकास को व्यापक और संतुलित रूप से प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने अभिभावकों को आश्वासन दिया कि कॉलेज एक सुरक्षित, अनुशासित, पर्यावरण–अनुकूल और छात्र–हितैषी वातावरण प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने बताया कि— 'गीतांजली सूचना प्रणाली (ERP)' के माध्यम से अभिभावक अपने बच्चों की उपस्थिति, प्रदर्शन, गतिविधियाँ और फीडबैक वास्तविक समय में प्राप्त कर सकते हैं। अंत में उन्होंने छात्रों को जिज्ञासु, विनम्र और समर्पित होकर सीखने के लिए प्रेरित किया और सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और व्हाइट कोट सेरेमनी-**
सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों की नृत्य और गायन प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह का संचार किया।इसके बाद आयोजित वाइट कोट सेरेमनी में प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और सभी विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को सफेद कोट पहनाकर इस प्रतिष्ठित पेशे में उनके प्रथम कदम को गरिमामयी स्वरूप दिया।

# "गीतांजली हॉस्पिटल: महिलाओं के स्वस्थ भविष्य की ओर एक सशक्त कदम"

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा उदयपुर के कोरल सुभ निवास, सेलिब्रेशन रेजिडेंसी और जम्बो दीप टॉवर सोसाइटी की महिला सदस्यों के लिए आज स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान उपस्थित महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं, समय पर उपचार के महत्व और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तृत रूप से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में गीतांजली हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या चौधरी ने प्रजनन स्वास्थ्य, स्त्रीरोग संबंधी बीमारियों की रोकथाम, सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर जांच और जागरूकता ही एक स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। महिला स्वास्थ्य के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, गीतांजली हॉस्पिटल भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों एवं हेल्थ टॉक्स का लगातार आयोजन करता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इस पहल का लाभ उठा सकें।

# सांचौर भारतमाला एक्सप्रेसवे पर अधूरे प्रबंध और अवैध ढाबों ने बढ़ाया खतरा

## -आए दिन होते हैं हादसे, प्रशासन मौन

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। सांचौर क्षेत्र से गुजरने वाला भारतमाला परियोजना की 754 ए सड़क को 2 दिन पूर्व विभाग द्वारा बड़े वाहनों के आवागमन के लिए रॉयल के बहाने बिना एनओसी ही खोल दिया गया लेकिन सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल मौके पर स्पष्ट दिखाई दे रही है। एक्सप्रेस वे पर कई स्थानों पर टूटी रेलिंग अधूरे बेरिगेटिंग और असुरक्षित कट सड़क हादसों को नियोक्ता दे रहे हैं। दूसरी और विभाग का यह दावा भी खोखला साबित हो रहा है कि एक्सप्रेस वे किनारे सभी अवैध ढाबे हटाए जा चुके हैं लेकिन वास्तविक में यह स्थिति है कि भारतमाला की परिधि दीवार को तोड़कर अवैध ढाबे खुले आम संचालित हो रहे हैं। इन ढाबों पर भारी वाहनों की अनियमित पार्किंग दुर्घटना का बड़ा कारण बन रहा है। इसके बावजूद भी विभाग की ओर से इन्हें रोकने के ठोस प्रयास धरातल पर नजर नहीं आ रहे हैं। अब विभाग की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने के प्रयास में जिला कलेक्टर को पत्र लिखने की बात कह रहा है जिसमें अवैध ढाबों के खिलाफ कार्रवाई हेतु जाब्ता मांगा गया है। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब ढाबों का संचालन खुले आम चल रहा है तो विभाग द्वारा अपने स्तर पर तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना एनओसी सड़क खोलने और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर लापरवाही ने बड़ा जोखिम पैदा कर दिया है यदि समय रहते विभाग ने व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की तो और अवैध गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई तो एक्सप्रेस वे पर गंभीर हादसों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। अभी कुछ दिन पहले ही ढाबो के कारण वहां बीच सड़क पर वाहन छोड़कर हादसे का शिकार हुआ जिसमें कई लोगों ने अपनी जान गवादी प्रशासन के ध्यान में होते हुए फिर भी अवैध ढाबों पर किसी तरीके का कोई लगाम अभी तक धरातल पर नहीं दिख रहा है समय रहते अवैध ढाबों को नहीं हटाया तो हादसों का शिकार होने में देर नहीं रहेगी।


## आवश्यकता

जयपुर से प्रकाशित होने वाले अख़बार "रॉयल पत्रिका" को सीकर, झुंझुनूं के लिए रिपोर्टर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें - 8058969180/9799559096




















# निखत जरीन ने 21 महीने का सूखा किया खत्म, विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स में जीता गोल्ड

नई दिल्ली । निखत जरीन ने गुरुवार को विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स 2025 में महिला 51 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में चीनी ताइपे की मुक्केबाज झुआन यी गुओ को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत की स्टार मुक्केबाज और दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन ने शानदार वापसी करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स 2025 में स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने महिला 51 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में चीनी ताइपे की मुक्केबाज झुआन यी गुओ को 5-0 के अंतर से एकतरफा मुकाबले में हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। निखत जरीन ने इस जीत के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग 21 महीने से चला आ रहा अपना पदक का सूखा खत्म किया है। उन्होंने इससे पहले 2023 में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। फाइनल मुकाबले में निखत शुरू से ही आक्रामक दिखीं और उन्होंने चीनी ताइपे की बॉक्सर को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने मुकाबला 5-0 के स्कोर से आसानी से अपने नाम किया। निखत के साथ मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), अरुंधति (70 किग्रा) और नुपुर शेओरेन (80+ किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीते। ओलंपिक-क्लास के खास डिवीजनों में अपना दबदबा दिखाते हुए, भारत की महिलाओं ने ऐतिहासिक जीत के साथ बढ़त बनाई, जबकि पुरुषों के सेक्शन में दो स्वर्ण पदक मेजबान देश के लिए एक अहम मील के पत्थर बन गए। भारत ने इस अभियान को कैंपेन को नौ स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक के साथ खत्म किया, जिसमें हिस्सा लेने वाले 20 मुक्केबाज़ों में से हर एक ने पोडियम पर जगह बनाई। 20 नवम्बर गुरुवार का दिन भारत की महिलाओं के नाम रहा, जिन्होंने दोपहर के सेशन में मीनाक्षी (48 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), और नूपुर (80 किग्रा) के साथ एक-एक स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह शाम के सेशन में निखत जरीन (51 किग्रा), जैस्मिन लैम्बोरिया (57 किग्रा), और परवीन (60 किग्रा), सभी पोडियम पर टॉप पर पहुंचीं। लॉस एंजिलिस ओलंपिक्स में सभी वेट कैटेगरी में जेंडर पैरिटी लाने की तैयारी है, ऐसे में आखिरी दिन भारतीय महिलाओं के दबदबे ने वर्ल्ड बॉक्सिंग में देश के बढ़ते रुतबे को और दिखाया। कंधे की चोट के कारण एक साल बाहर रहने के बाद सितंबर में विश्व चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने वाली निखत ने 51 किलो वर्ग में कड़े सेमीफाइनल मुकाबले में उजबेकिस्तान की जानीवा गुलसेवर को हराया था। निखत आखिरी बार 20 महीने पहले पिछले साल फरवरी में स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में पोडियम तक पहुंची थी।







## यूपी में फिर गरजा बुलडोजर:

## मौलाना तौकीर रजा के करीबी का तीन मंजिला शोरूम; 16 दुकानें जमींदोज



बरेली । यूपी के बरेली में इस साल 26 सितंबर को हुए दंगे को भड़काने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबी आरिफ पर प्रशासन का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। बरेली में एक बार फिर बुलडोजर ऐक्शन हुआ है। यहां पीलीभीत रोड पर आरिफ के फहम लान, फ्लोरा गार्डन और स्काई लार्क होटल पर सीलिंग के बाद, बरेली विकास प्राधिकरण (BDA) ने आरिफ की अवैध मार्केट और शोरूम पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई शुरू कर दी। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया। इस कार्रवाई से इलाके में खलबली मच गई। शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे बीडीए ने पीलीभीत बाईपास रोड और जगतपुर क्षेत्र में उसकी दो बड़ी संपत्तियों पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई शुरू होते ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी और भारी दहशत फैल गई। बीडीए की टीम के अवैध निर्माण ढहाने पहुंचने से पहले ही पुलिस ने पूरे क्षेत्र को चारों ओर से घेर लिया था। सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो सके। स्थानीय लोग दूर खड़े कार्रवाई को होते देखते रहे।

**कपड़ों का शोरूम और पूरी मार्केट अवैध पाए जाने पर कार्रवाई-**

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंडन ने बताया कि आरिफ ने जगतपुर में बनी पूरी मार्केट और पीलीभीत बाईपास पर बने कपड़ों के शोरूम का निर्माण बिना नक्शा स्वीकृत कराए किया था। पूरे परिसर में जिम, होम डेकोर सेंटर और कई दुकानों का संचालन चल रहा था। जांच में निर्माण अवैध पाए जाने के बाद बीडीए ने पहले 11 अक्टूबर को दोनों परिसरों को सील किया था। शनिवार को बीडीए ने 15 दुकानों और दो बड़े शोरूम पर बुलडोजर चलाना शुरू कर दिया। टीम ने परिसर के पिछले हिस्से से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आगे बढ़ाई और जेसीबी की एक के बाद एक चोट से दीवारें गिरनी शुरू हो गईं।




मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्नाखान के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, 3-A, डी एल टावर, विद्या आश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाडा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : मुन्नाखान मो. 9772552446 कार्यालय फोन - 0141-4982834 Gmail : royalpatrika@gmail.com Yahoo : royal_patrika@yahoo.com